कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

9 YEARS

सफलता के 9 वर्ष

रांची 16 जून, 2024, रविवार, वर्ष 09, अंक 236, ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत 2081, पृष्ठ : 24+20=44, मूल्य : ₹3.00

# हीट को बीट कर रहा रांची का वाइल्ड वादी वाटर पार्क

## छुट्टियों में वाटर पार्क बना बच्चों की मौज-मस्ती का अड्डा, परिवार संग सभी लोग कर रहे हैं मस्ती

**आजकल गर्मी अपने चरम सीमा पर है, ऐसे में लोग किसी ऐसी जगह जाना चाहते हैं जहां उन्हें इस तपती गर्मी से राहत मिल सके. फैमिली और फ्रेंड्स के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए वाटर पार्क बेस्ट ऑप्शन है. यहां पर आप पूरी फैमिली एक साथ एंज्वॉय कर सकते हैं. बच्चों से लेकर बड़ों तक यहां सबके लिए अलग-अलग तरह के राइड्स मौजूद हैं.**




## अनोखा है, वाइल्ड वादी पार्क



राजधानी रांची के वाइल्ड वादी वाटर पार्क में आप परिवार के साथ गर्मी की छुट्टियों के मजे ले सकते हैं. यहां प्रकृति के बीच हर तरफ खिले फूलों और फैली हरियाली के बीच पानी के अंदर हंसों को घूमते देखना अच्छा लगता है. कई एकड़ के बड़े से एरिया में यहां आप सुबह 10 बजे से लेकर रात 8 बजे तक अच्छे से मस्ती कर सकते हैं. खूबसूरत पूल, छोटे-छोटे मनभावन झरने इस गर्मी में आपको शीतलता का एहसास कराते हैं. वहीं थ्रिलिंग राइड्स, डिफरेंट फ्लेवर मॉकटेल्स और कूल लोकेशन इसकी खासियत है. एडवेंचर के शौकीनों और वाटर स्पोर्ट के लिए ये जगह कई गतिविधियों का अनुभव देती है. बड़े एरिया में फैले इस शानदार वाटर पार्क को साल 2023 में खोला गया था. यह अपने वाटर एक्टिविटीज एवं खूबसूरत माहौल के लिए आस-पास के अन्य शहरों में भी फेमस है.

## वाइल्ड वादी के निदेशक शैलेन्द्र जायसवाल से खास बातचीत



**सवाल** : समर वेकेशन्स शुरू हो गए हैं, लोग वाइल्ड वादी वाटर पार्क ही क्यूं आयें ?

**जवाब** : वाइल्ड वादी वाटर पार्क इसलिए आएं क्योंकि यहां टिकट की कीमत सबसे कम है जो झारखंड वासियों के पॉकेट का ख्याल रखकर किया गया है. यहां सोमवार से शुक्रवार तक टिकटों की कीमत प्रति व्यस्क 300/- रुपये है. अगर आपके पास मेंबरशिप कूपन है तो इसकी कीमत 150/- रु हो जाती है. शनिवार, रविवार एवं अवकाश के दिन टिकटों की कीमत प्रति व्यस्क 400/- रु. है. मेंबरशिप कूपन होने पर टिकट की कीमत मात्र 200/- रु. हो जाती है. एक वर्ष से छोटे बच्चे एवं दिव्यांगों का निःशुल्क प्रवेश है. एक वर्ष से उपर और तीन फीट से नीचे के बच्चों का फिक्स्ड 200/- रु चार्ज है. यहां लॉकर एवं कॉस्ट्यूम का कोई चार्ज नहीं लगता है साथ में सभी राइड फ्री हैं. यहां स्थित बर्ड पार्क में पक्षियों को दाना खिलाने के लिए 10 रु. का चार्ज लगाता है. ट्रम्पलिंन पार्क में जाने के लिए स्पेशल मोजे लगते हैं जिसका 20 रु. चार्ज लिया जाता है. कम कीमत में मनोरंजन के ज्यादा साधन हैं इसलिए वाइल्ड वादी आयें, परिवार, रिश्तेदार और दोस्तों को भी साथ लेकर आएं.

**सवाल** : क्या पार्क में नाइट लाइट की भी व्यवस्था है ?

**जवाब** : जी, बिल्कुल. यहां पर सूर्यास्त देखना मन को बहुत सूकून देता है और उसके बाद हल्के धीमें आवाज में रोमांटिक सॉग के साथ पूरे नाइट लाइट में परिवार और दोस्तों के साथ फोटो लेने का सुन्दर अवसर देता है. वाइल्ड वादी शाम ढलते ही काफी आकर्षक हो जाता है. यहां बेहद किफायती दरों पर नाइट स्टे की भी सुविधा है. अंधेरा होते ही यहां एक साथ हजारों लाइटें जगमगा उठती है. बड़ी संख्या में पर्यटक यहां रात में नाइट लाइफ भी देखने के लिए आते हैं, क्योंकि फ्लावर पार्क में जो लाइट्स लगी हुई हैं, वह रात में अत्यंत ही मनमोहक लगती है.

**सवाल** : पार्क में बच्चों और स्पोर्ट्स एडवेंचर के शौकीनों के लिए क्या है ?

**जवाब** : पार्क में बच्चे सबसे पहले एमपीडब्ल्यूपीएस साथ ही टोट्स, रोप कोर्स, ट्रम्पलिन पार्क, बर्ड पार्क एवं विभिन्न प्रकार के एक्टीविटी का आनंद ले सकते हैं. पार्क में स्पोर्ट्स एडवेंचर के लिए हाइ स्पीड स्लाइड्स, पेंडूलम राइड्स, मल्टी लेन, वेब पूल, रेन डांस, जिप लाईन इन सब चीजों की सारी व्यवस्था है. जो आज के युवाओं के आकर्षण का केंद्र है. इसके साथ ही क्रिकेट सिमुलेशन में जो सुविधा मिल रही है वह भी युवाओं और क्रिकेट प्रेमियों को काफी लुभा रही है.

**सवाल** : पार्क में लोगों को क्या अतिरिक्त सुविधाएं हैं ?

**जवाब** : अतिरिक्त सुविधाओं में सबसे पहले हम यह मानते हैं कि कस्टमर ही हमारे लिए भगवान हैं. हम यह नहीं कहते कि हम सबसे बेहतर हैं. लेकिन हम सबसे बेहतर होने की दिशा में हमेशा अच्छा काम करते हैं. हमारा ऑफिस जो मल्टी लेन के नीचे है कभी भी कोई भी कस्टमर कोई भी फीडबैक देने आ सकते है और हम उसपर कार्य करते हैं. एक फीडबैक आया था कि गर्मी में पैर जलते हैं जिसके कारण पूरे पार्क में ग्रीन कार्पेट बिछाया गया साथ ही एक फीडबैक आया था कि रिफ्रेश होने के लिए शावर की अतिरिक्त व्यवस्था भी होनी चाहिए. हालांकि हमारे यहां पर दो अलग-अलग चेंजिंग रूम है जहां पर महिलाएं और पुरुष सेपरेटली चेंजिंग रूम की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं. इसके अलावा वेब पूल में भी फ्रेश वाटर का शावर लगाया गया है. यह पार्क औरों की तुलना में काफी फ्लेक्सिबल है. यहां हमारे लिए हमारे अतिथि ही सर्वोपरि हैं. नियम काफी लचीले हैं. यह सिक्योरिटी डिपॉजिट, ड्रेस वियर, राइड्स के मामले को लेकर है. इनके ऊपर कोई रोक नहीं है, आप जिसमें कंफर्टेबल रहें. सबसे खास बात यह है कि कॉस्ट्यूम और लॉकर का अलग से कोई चार्ज नहीं लिया जाता है.

**सवाल** : पार्क पूरा घूमने में कितना टाइम लग सकता है ?

**जवाब** : पार्क एक बड़े परिसर में फैला हुआ है. यहां काफी कुछ है, जिसे घूमने के लिए कम से कम पांच से छह घंटे लग ही जाते हैं. लोगों को भूख लगे तो उनके खाने के लिए भरपुर खाना मिल जाएं इसका भी पूरा इंतजाम है. खाने के लिए इंडियन से लेकर चाइनीज, वेस्टर्न सहित एक से बढ़कर एक कुजीन्स हैं. फूड के अलग-अलग काउंटर बनाए हुए हैं. वाइल्ड वादी लोगों को इसलिए भी पसंद आ रहा है. क्योंकि, एक ही जगह पर बहुत ही कम कीमत पर कई तरह की एडवेंचर और मनोरंजक सुविधाएं हैं. वाइल्ड वादी पार्क कई मायने में अपने घर के बाहर एक घर है.

**सवाल** : पार्क की फ्यूचर प्लानिंग क्या है ?

**जवाब** : पार्क आने वाले समय में सबसे पहले वीआर गेमिंग जोन लाने जा रहा है. जिसके लिए अभी मॉल में कस्टमर्स को बहुत पैसा खर्चा करना पड़ता है. हम इसके लिए मात्र कुछ कीमत बढ़ाएंगे मगर सबकुछ फ्री कर देंगे. साथ ही वाईप आउट जो न्यूजीलैंड की एक्टिविटी है उसे लॉच करने वाले हैं. साथ में स्लिप्री स्टेयर्स बहुत जल्द ही लाने जा रहे हैं साथ में म्यूजिकल फाउंटेन भी बहुत जल्द आने जा रहा है. आने वाले समय में यहां पर पंचकर्म चिकित्सा की भी सुविधा होगी एवं कई प्रकार की शारीरिक जांच मुफ्त होगी. जिसमें लोग अपने परिवार के पूरे सदस्यों की हेल्थ मसाज आयुर्वेदिक पद्धति से करवा सकते हैं.

## तुपुदाना, रांची स्थित वाइल्ड वादी वाटर पार्क की ओर से आवश्यक सूचना

धनबाद, गिरिडीह, बोकारो, चास, जमशेदपुर, चाईबासा, सराईकेला-खरसावां में रहने वाले लोगों को बताना चाहते हैं कि वाटर पार्क का मजा भीड़ में ही आता है. वाइल्ड वादी वाटर पार्क में सबसे ज्यादा भीड़ होती है. आपलोग बस या ट्रेन से पूरे ग्रुप का प्रोग्राम बनाएं. रांची पहुंचने में सिर्फ दो से ढाई घंटे का समय लगता है. आप यहां रात को ठहरने के लिए एडवांस बुकिंग भी करा सकते हैं. अगर बस बुक कर के आते हैं तो बस के माध्यम से वापस भी जा सकते हैं. वाइल्ड वादी झारखंड की शान है, झारखंड में रहने वाले सभी ब्रांडेड डीलर हमसे संपर्क करें, हम आपके कस्टमर के लिए वाइल्ड वादी का 20% डिस्काउंट वाला भाउचर आप तक पहुंचा देंगे जो आप अपने ग्राहकों को दे सकते हैं. राज्य के स्कूल, कोचिंग संस्थान एवं कॉलेज हमसे संपर्क करें, हम आपको स्क्रैच एंड विन कूपन देंगे जिससे मात्र 55 रुपये से 95 रुपये तक इंट्रीफीस हो जाएगी, जिसे आप अपने स्कूल के बच्चों के लिए स्कूल में ड्रिस्ट्रीब्यूट करवा सकते हैं. राज्य के टूर एंड ट्रैवेल्स कंपनी हमसे संपर्क करें, हम आपकी पूरी सहायता करेंगे. आपलोग परिवार के साथ, दोस्तों के साथ ग्रुप में वाइल्ड वादी पार्क को देखने के लिए जरूर आएं. वाइल्ड वादी पार्क देखना एक बार तो जरूर बनता है. अधिक जानकारी के लिए आप हमारे कस्टमर केयर नंबर - 9304816880 पर संपर्क कर सकते हैं.

## वाइल्ड वादी बर्ड पार्क, रांची सिटी में एक नया आकर्षण

वाइल्ड वादी बर्ड पार्क रांची की भागदौड़ भरी शहरी जिंदगी से आराम और मनोरंजन के लिए बनाया गया है. यहां घोसलों के बीच पक्षियों और सुंदरता से मंत्रमुग्ध कर देगा. यहां आने के बाद पार्क में पक्षियों के साथ कुछ समय चिड़ियों के कलरव में बिताना सुकून देता है. यहां पर आप बर्ड पार्क में 10 रुपये में दाना खरीदकर आप अपने हाथों से बर्ड को खाना खिला सकते हैं. आप इन पक्षियों के माध्यम से प्रकृति की स्वतंत्रता को महसूस करेंगे. अपने घोंसलों से निकलते रंगीन और सुंदर पक्षियों के करीब आने का मौका मिलेगा. इन मायनों में वाइल्ड वादी बर्ड पार्क अपनी तरह की एक अनोखी जगह है. आप अपने दोस्तों और परिवार के साथ प्रकृति के बीच आनंद ले सकते हैं.



## क्या टिकट काउंटर पर भी कोई डिस्काउंट है?

काउंटर टिकट पर डिस्काउंट है, अगर आप रांची के किसी भी ब्रांडेड स्टोर में शॉपिंग करते हैं तो 20% गिफ्ट भाउचर का कूपन मिलेगा जिसको डायरेक्टली काउंटर पर दिखाने से आपको 300 रुपये में 60 रुपये की छूट मिल जाएगी. यह रांची के उत्तर, पूर्व, पश्चिम व दक्षिण सभी जगह पर बहुत सारे ब्रांडेड स्टोर के साथ टाइअप किया गया है और अन्य ब्रांडेड स्टोर भी अगर हमारे साथ टाइअप करना चाहते हैं और कस्टमर को शॉपिंग करने के साथ अपनी तरफ से यह 20% गिफ्ट भाउचर देना चाहते हैं जो कि पूरी तरह से फ्री है जिसका कोई चार्ज नहीं लिया जाता है तो वह हमारे कस्टमर केयर नंबर 9304816880 पर संपर्क कर सकते हैं हम उन्हें यह गिफ्ट भाउचर पहुंचा देंगे.

- सोमवार से शुक्रवार, 300 रुपए/- तीन फीट हाइट तक के बच्चे 200 रुपए/- एक साल का बच्चा और दिव्यांगों को फ्री एंट्री. **पार्किंग के लिए बड़ा स्पेस**
- **एंट्री फीस** : वीकेंड और अवकाश पर 400 रुपए/-
- **समय** : सुबह 10:00 बजे से रात 8:00 बजे तक
- **कहां है** : हटिया-तुपुदाना 10 माइल, खूंटी रोड
- **पास का लोकेशन** : टोरियन वर्ल्ड स्कूल, हजाम





## स्कूल के बच्चों के लिए क्या है खास?

हमलोगों ने एक स्क्रैच और विन ऑफर लॉच किया है जो कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है. इस स्क्रैच एंड विन कूपन को जब हम जाते हैं स्कूल में डिस्ट्रिब्यूट करने के लिए तो इसको स्क्रैच करने के बाद इसमें 55, 65, 75, 85, 95 रुपये का रेट निकलता है वही अब उस बच्चे की इंट्रीफीस हो गई. इस स्क्रैच कूपन को प्ले स्कूल, स्कूल, इंस्टीट्यूट एवं 12वीं तक के कॉलेजों में बांटने के लिए आप हमारे कस्टमर केयर नंबर 9304816880 पर कोई भी कॉलेज, स्कूल एवं इंस्टीट्यूट संपर्क कर सकते हैं. हम आपको यह स्क्रैच एंड विन कूपन आपको जितनी संख्या में चाहिए पहुंचा देंगे.

## क्रिकेट सिमुलेशन से असली बैटिंग-बॉलिंग का मजा

क्रिकेट सिमुलेशन में आप बॉल की रफ्तार को बढ़ाकर 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से क्रिकेट खेल सकते हैं. यहां जितने भी लोग आते हैं वो क्रिकेट सिमुलेशन में जरूरत जाते हैं और क्रिकेट खेलने का आनंद उठाते हैं यह भी वाटर पार्क के साथ फ्री है.



## बल्क बुकिंग और ट्रेवल ऑपरेटर आपसे कैसे जुड़ सकते हैं?

अभी हाल में ही बोकारो से महाराणा टूर एंड ट्रावेल्स ने हमारे साथ टाइअप किया है जो एक बस के द्वारा यात्रियों को एक विशेष पैकेज में वाइल्ड वादी सुबह से लेकर रात तक घुमने का पैकेज बनाते हैं. इसी तर्ज पर झारखंड के सभी ट्रेवल और टूर ऑपरेटर हमसे जुड़ सकते हैं. कोई भी कंपनी के स्टाफ बुकिंग पर आना चाहते हैं तो हमारे कस्टमर केयर नंबर पर संपर्क कर सकते हैं और हमसे बल्क का रेट पायें.मगर बल्क का रेट मीनिमम 100 लोगों पर लागू होता है, विशेष रेट जानने के लिए अवश्य संपर्क करें.

## वाइल्ड वादी पार्क में आने से पहले जरूरी सलाह

कांच की चुड़ियां पहन कर न आएं, कीमती सामान न लेकर आएं. घर में या कार मे ही ज्यादातर सामान रखें. हल्के कपड़े पहन कर आएं और अपने पर्स में क्रीम, मोइस्चराइजर जो जरूरी चीजें है वो रखें. महंगे चश्में पहनकर राइड न करें, पांव में पायल पहनकर न आएं. अगर आपके पास अपना स्वीमिंग कोस्ट्यूम है तो लेकर आ सकते हैं. चप्पल पहन कर आएं इससे आपको सुविधा होगी क्योंकि यहां पूरा दिन लग जाता है.

## बारिश में क्या होने वाला है खास?

बारिश में प्रति चार टिकट पर एक छतरी देने जा रहे हैं और बारिश में हम फूटबॉल थ्रोइंग मशीन लॉच करने जा रहे हैं. तो फिर देर किस बात की अभी ही जाएं वाईड वादी अपने परिवार, रिश्तेदार और दोस्तों के साथ. 😃😃😃

## चुनें सही वाटरपार्क

यह सच है कि बच्चों के साथ वाटरपार्क जाना अच्छा विचार है. लेकिन सही वाटरपार्क का चयन करना भी जरूरी है. हर वाटर पार्क में अलग तरह की राइड्स होती है. पुल की गहराई, वहां हर जगह सुरक्षा के लिए तैनात लाइफ गार्ड, वाइल्ड वादी वाटर पार्क को इस मामले में सबसे सुरक्षित बनाता है.

## वाइल्ड वादी पार्क में कुछ खास, एडवेंचर राइड का मजा

वाइल्ड वादी वाटर पार्क में गर्मी के मौसम में बच्चे यहां आकर छुट्टियों का आनंद उठा रहे हैं. पर्यटक रात में भी नाइट लाइफ देखने के लिए आते हैं. फ्लावर पार्क में जो लाइट्स लगी हुई हैं, वह बहुत मनमोहक है. यहां पांच प्रकार के स्विमिंग पूल हैं, जिनमें 25 से ज्यादा एक्टिविटी का मजा ले सकते हैं.


इन्हीं एक्टीविटी में वेब पूल, क्रिकेट सिमुलेशन, कई तरह के एडवेंचर और रेन डांस भी शामिल हैं.

## अन्य विशेषताएं

बहुत जल्द ही हमलोग लोगों को वाइल्ड वादी पार्क में ऑनलाइन टिकट की सुविधा देने जा रहे हैं. जिससे आप घर में बैठकर मोबाईल और लैपटोप से टिकट बुक कर पाएंगे उन्हें लाइन में नहीं लगना पड़ेगा और मात्र गेट में स्कैन कराने से ही वो अंदर प्रवेश कर पाएंगे.

नर्सरी से फूलों की बिक्री का विशेष स्वागत, वाइल्ड वादी के नर्सरी में आप सैकड़ों किस्म के फूल खरीद सकते हैं.

गर्मी के साथ बारीश के लिए भी फूल पौधे आ चुके हैं जो बहुत कम कीमत पर गमलों में आपको तैयार करके दिए जाते हैं.







Plot - 311, Devi Mandap Road, Dusmile Chowk, Ranchi

Call Now : 9304816880

A Media Marketing Initiative

PRANAMI

आजाद सिपाही

Member of CREDAI Jharkhand

# उत्कर्ष का 9वां वर्ष

## महोत्सव विश्वास का आजाद सिपाही

अटूट रिश्ते और स्नेह के लिए

**धन्यवाद**

समाचार पत्र और मीडिया के बिना लोकतंत्र की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

## गौरवशाली 9वें वर्ष

में प्रवेश के अवसर पर **आजाद सिपाही परिवार** को हार्दिक बधाई

### मुद्दों को मुहिम बनाने की परंपरा

आजाद सिपाही का दिलेरी से रिपोर्टिंग करना और जनहित के मुद्दों को मुहिम बनाकर अंजाम तक पहुंचाने का अंदाज मुझे व्यक्तिगत तौर पर पसंद है। मैं आजाद सिपाही का नियमित पाठक हूं। आजाद सिपाही के संपादकीय पेज में जो मुद्दे उठाये जाते हैं, वे वाकई सोचने पर मजबूर करते हैं।



**Bijay Kumar Agarwal**
**CMD**

602, 6th Floor, M. R. Tower, Line Tank Road, Ranchi





केंद्र में मंत्री बनने पर हार्दिक बधाई एवं



आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस

पर आजाद सिपाही समूह से जुड़े सभी पत्रकारों व कार्यरत साथियों को हार्दिक बधाई

रमेश सिंह

युवा तुर्क भाजपा नेता सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य झारखंड प्रदेश


ASSOTECH
NEXT GENERATION SPACES
Exclusive Realty Partner
capdeal
Easy Real Estate
गौरवशाली 9वें वर्ष
में प्रवेश के अवसर पर आजाद सिपाही परिवार
को हार्दिक बधाई
महोत्सव विश्वास का
आजाद सिपाही
अटूट रिश्ते और स्नेह के लिए
धन्यवाद
ASSOTECH
HILLS RANCHI
MORABADI
PREMIUM LIFESTYLE SPACES
RANCHI'S FINEST,
FULLY INTEGRATED TOWNSHIP
BY
THE NO. 1 ADDRESS MAKER
Artistic Impression
ALL CLEARANCES RECEIVED
RERA REGD No.: JRERA/PROJECT/225/2019
ASSOTECH SUN GROWTH ABODE L.L.P:
Site & Office Address: Assotech Hills, Tagore Hill Road, Adjoining Bank Colony, Boreya, Ranchi-834006 | www.assotechlimited.com
+ 91 7045022220
The images displayed are only artistic impression and not the actual photograph. Elevation, colour scheme and / or exterior appearances are subject to change and can be altered at the sole discretion of the company. This is purely conceptual and constitute no legal offering.
1 sqmt is 10.764 sqft and 1.19 sqyd.
Follow us on
MEMBER CREDAI

# झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग

**राज्य खाद्य आयोग, खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत् आपको प्रदत्त अधिकारों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है।**

**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम -2013 के तहत् संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित हक़दारियाँ निम्नवत हैं :-**

## जन वितरण प्रणाली के अन्तर्गत नि:शुल्क अनाज , राशन दुकान पर प्रति माह :-

1. PHH/ पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ परिवार (गुलाबी राशन कार्ड धारक) को प्रति सदस्य 5 किलो अनाज प्रतिमाह नि:शुल्क ।
2. अंत्योदय अन्न योजना या पीला राशन कार्ड धारक को 35 किलो अनाज प्रतिमाह नि:शुल्क ।
3. डाकिया योजना के तहत् पीला कार्डधारी विशिष्ट जनजाति परिवार को 35 किलो अनाज सीलबंद बैग/बोरा में घर पहुंचाकर प्रतिमाह नि:शुल्क ।
4. हरा राशन कार्ड धारक परिवार को प्रति सदस्य 5 kg अनाज प्रतिमाह नि:शुल्क ।
5. PHH , अंत्योदय एवं हरा राशन कार्डधारियों को प्रति माह 1kg चना दाल नि:शुल्क ।
6. PHH , अंत्योदय एवं हरा राशन कार्डधारियों को प्रति माह 1kg चीनी अनुदानित दर पर ।
7. PHH , अंत्योदय एवं हरा राशन कार्डधारियों को प्रति माह 1kg नमक नि:शुल्क।

## मध्याह्न भोजन योजना (सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालय में )

सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा-1 से 8 तक प्रत्येक नामांकित बच्चे को प्रत्येक विद्यालय दिवस पर मेन्यू के अनुसार पका-पकाया गर्म भोजन एवं नाश्ता के रूप में एक अंडा अथवा फल पाने का है अधिकार।

## समेकित बाल विकास योजना - ICDS (आँगनबाड़ी केंद्र पर)

| लाभुक वर्ग | ICDS के मानदंडो के अनुसार पोषण सहायता |
|---|---|
| गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को | घर ले जाने वाला राशन (THR) |
| 6 से 36 माह के बच्चों को | घर ले जाने वाला राशन (THR) |
| 3 से 6 साल के बच्चों को | आंगनबाड़ी केन्द्र पर सुबह का नाश्ता एवं दोपहर का भोजन सप्ताह में 3 दिन अंडा सहित (साल में कम से कम 300 दिन) |

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना - PMMVY

1. प्रथम बच्चे के जन्म पर 5000 रु० की राशि दो किस्तों में दी जानी हैं , जिसके लिये निर्धारित क़िस्त की राशि एवं इसकी शर्ते निम्नवत है :-

| क़िस्त | शर्ते | राशि |
|---|---|---|
| प्रथम क़िस्त | गर्भधारण के बाद आंगनबाड़ी केन्द्र पर पंजीकरण कराने एवं गर्भधारण के 06 माह के अन्दर कम से कम प्रसव पूर्व एक जांच के बाद। | रु. 3000 |
| दूसरा क़िस्त | 1.बच्चे के जन्म का पंजीकरण कराने<br>2.BCG, OPV, DPT एवं Hepatitis-B या इसके समतुल्य टीकाकरण के बाद । | रु.2000 |

2. द्वितीय प्रसव में बालिका के जन्म होने पर एकमुश्त रु0 6000 का प्रोत्साहन राशि दिए जाने के प्रावधान है, परन्तु द्वितीय प्रसव में महिला के गर्भधारण का पंजीकरण अनिवार्य है।

## निगरानी समिति

खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत् आने वाले योजनाओं की निगरानी हेतु विभाग द्वारा पंचायत स्तरीय एवं जनवितरण प्रणाली दुकान स्तरीय सतर्कता समिति गठित है। संबंधित पंचायत के मुखिया पंचायत स्तरीय सतर्कता समिति के अध्यक्ष हैं। जनवितरण प्रणाली दुकान स्तरीय सतर्कता समिति में ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित पंचायत के मुखिया अथवा नगर क्षेत्र में संबंधित वार्ड के सदस्य अध्यक्ष हैं।

**सतर्कता समितियों के प्रमुख कार्य एवं दायित्व:-**

1. NFSA के अधीन सभी योजनाओं का कार्यान्वयन का नियमित रूप से पर्यवेक्षण करना यथा :-
   a. खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड की लक्षित जनवितरण प्रणाली के अंतर्गत आने वाली सभी योजनाएँ।
   b. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड की मध्याह्न भोजन /पूरक पोषाहार योजना। इस योजना के अंतर्गत की सामग्रियों की खाद्य गुणवत्ता की रैण्डम जाँच स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से सतर्कता समितियाँ करायेंगी।
   c. महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड की पूरक पोषाहार योजना तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना।
   d. स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड की जननी सुरक्षा योजना।
2. NFSA 2013 के किसी उपबंध के उल्लंघन के संबंध में तथा किसी अनाचार या निधियों के दुर्विनियोग के संबंध में DGRO को लिखित में सूचित करना।

## अगर आपको खाद्यान्न /भोजन/राशि सही मात्रा में एवं ससमय न मिले तो यहाँ शिकायत करें

शिकायत दर्ज करने हेतु संपर्क करें

व्हाट्सएप्प न:- 9142622194
ई-मेल :-jharfoodcommission@gmail.com
वेबसाइट :- https://jharkhandsfc.in/

पता :- झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, रांची -834002 , झारखण्ड |
फोन नं.-0651-2252267/2252261

# आजाद सिपाही के

# 9वां

## स्थापना दिवस

**सच लिखना ही**

**आजाद सिपाही की पहचान है।**




ज्ञान व संस्कृति की भूमि झारखंड में
आजाद सिपाही की समस्त परिवार को

# हार्दिक बधाई
## एवं
# शुभकामनाएं



## अखिलेश पांडे

युवा उद्योगपति
सह
सामाजिक कार्यकर्ता
राँची झारखंड

9 YEARS

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

सफलता के 9 वर्ष

रांची 16 जून, 2024, रविवार वर्ष 09, अंक 236, ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत 2081, पृष्ठ : 24+20=44, मूल्य : ₹3.00

## प्रधानमंत्री इटली दौरा से लौटे भारत

# यात्रा कई मायनों में रही सार्थक : मोदी

- सम्मेलन में एआइ और टेक्नोलॉजी पर दुनिया को दिया संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली से शनिवार सवेरे नयी दिल्ली वापस आ गये। प्रधानमंत्री ने इस यात्रा को सार्थक बताया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण जी-7 शिखर सम्मेलन था, जहां उन्होंने विश्व मंच पर भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया। वहीं, विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा में जी-7 संगठन के अंतर्गत प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर सार्थक बातचीत हुई। मंत्रालय ने कहा कि इस दौरान शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के साथ भारत की साझेदारी प्रगाढ़ हुई है।

गौरतलब है कि इटली के अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सेशन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने टेक्नोलॉजी में एकाधिकार को समाप्त करने पर जोर दिया। वहीं, पीएम मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फॉर ऑल का मंत्र दिया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर राष्ट्रीय रणनीति तैयार करने वाले पहले कुछ देशों में से एक है। प्रधानमंत्री ने दुनिया के कुछ दिग्गज नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक की। मोदी ने सम्मेलन के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के अलावा यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से बातचीत हुई। वहीं उन्होंने सम्मेलन में हिस्से लेते हुए कहा कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर राष्ट्रीय रणनीति तैयार करने वाले पहले कुछ देशों में से एक है।





### फिर चर्चा में पीएम मोदी और मेलोनी की सेल्फी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** इटली में 13 से 15 जून तक जी-7 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। शुक्रवार को सम्मेलन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी ने एक सेल्फी क्लिक की। अपुलिया में जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन के मौके पर मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ सेल्फी क्लिक की, तब दोनों नेता मुस्कुराते हुए देखे गये। पिछले साल दिसंबर में दोनों नेताओं ने दुबई में 28वें कॉन्फ्रेंस ऑफ द पार्टीज (सीओपी 28) के मौके पर एक सेल्फी क्लिक की थी। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सेल्फी का वीडियो भी साझा किया। पांच सेकंड का यह वीडियो शनिवार को मेलोनी ने अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया। इस वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी हंसते हुए दिखायी दे रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो को फिर से शेयर किया और लिखा, 'भारत-इटली की दोस्ती अमर रहे!'

## छत्तीसगढ़ में फोर्स ने आठ नक्सलियों को मार गिराया

### अबूझमाड़ में एक जवान शहीद और दो हुए घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र राज्य की सीमा पर नारायणपुर के अबूझमाड़ के कुतुल इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें जवानों ने आठ माओवादियों को ढेर कर दिया है। सभी के शव बरामद कर लिये गये हैं। इस मुठभेड़ में एसटीएस का एक जवान शहीद हो गया है और दो घायल हैं। घायलों को रायपुर एयर लिफ्ट किया जा रहा है। इस साल जनवरी से अब तक 161 दिन में जवानों ने 141 नक्सली ढेर किये हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि कुतुल, फरसबेड़ा, कोड़तामेटा इलाके में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसके बाद बस्तर संभाग के जगदलपुर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव और कांकेर से [illegible] और [illegible] के करीब 1400 जवानों ऑपरेशन के लिए भेजे गये। पिछले तीन दिनों से जवानों ने ऑपरेशन चला रहे थे। मौके से बंदूक और भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक मिले हैं।

Jharkhand State Open University Ranchi, Jharkhand
In front of Faculty of Forestry, Birsa Agriculture University, Kanke, Ranchi - Pin-834006
Email : registrarjsou@gmail.com Ph No : 8929006645

गौरवशाली 9वें वर्ष में सदैव अग्रसर प्रगति के पथ पर निरंतर बने रहने के लिए
आजाद सिपाही
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



डॉ0 टी0 एन0 साहु
कुलपति
झारखण्ड राज्य खुला विश्वविद्यालय, रांची

### प्रधानमंत्री 18 जून को किसानों के लिए 17वीं किस्त जारी करेंगे

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता संभालने के बाद पहली बार 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा करेंगे। इस दौरान वह देश भर के 9.26 करोड़ लाभार्थी किसानों के लिए 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की पीएम-किसान योजना की 17वीं किस्त जारी करेंगे। मोदी स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के 30,000 से अधिक सदस्यों को प्रमाण पत्र भी प्रदान करेंगे, जिन्हें कृषि सखियों के रूप में प्रशिक्षित किया गया है, ताकि वे पैरा-विस्तार कार्यकर्ता के रूप में काम कर सकें और साथी किसानों को खेती में मदद कर सकें।

## महाविकास अघाड़ी महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव साथ लड़ेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** महाविकास अघाड़ी (एमवीए) महाराष्ट्र में विधानसभा का चुनाव एक साथ लड़ेगी। यह एलान शनिवार को गठबंधन की बैठक के बाद शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने किया। बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेस में उद्धव ने कहा कि लोकसभा चुनाव की जीत एमवीए के लिए अंत नहीं, बल्कि शुरुआत है। हम सभी दलों को साथ लेकर चुनाव लड़ेंगे। मुंबई के वाइबी चव्हाण सेंटर में हुई इस बैठक में एनसीपी (एससीपी) नेता शरद पवार, कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण शामिल हुए। इस दौरान महाराष्ट्र की जनता को लोकसभा चुनाव में 31 सीटें जिताने पर धन्यवाद दिया। दरअसल, लोकसभा चुनाव में गठबंधन ने महाराष्ट्र की 48 सीटों में से 31 सीटें जीती हैं, जबकि भाजपा गठबंधन को 17 सीटें मिली हैं। विधानसभा की 288 सीटों पर अक्टूबर में चुनाव हो सकते हैं। फिलहाल राज्य में शिवसेना शिंदे गुट, भाजपा और एनसीपी अजित पवार गुट की सरकार है और एमवीए लोकसभा चुनाव की सफलता विधानसभा चुनाव में भी दोहराना चाहती है।

**उद्धव बोले, देखना है केंद्र की सरकार कितने दिन चलती है :** उद्धव ने कहा कि यह संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई थी। जल्द ही विधानसभा चुनाव आने वाले हैं। यह सरकार मोदी सरकार थी और अब यह एनडीए सरकार बन गयी है। अब देखना यह है कि यह सरकार कितने दिन चलती है। पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि यह प्रेस कांफ्रेंस जनता का आभार व्यक्त करने के लिए है। महाराष्ट्र की जनता ने हमें जिताया है। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार महाराष्ट्र के आइएनडीआइए ब्लॉक के नेता आज मिले। हम सभी लोकतंत्र को बचाने के लिए एक साथ आये हैं। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि जिस तरह से लोगों ने लोकसभा चुनाव में हमें वोट दिया, विधानसभा चुनाव में भी हमें वैसा ही प्यार मिलेगा और अब महाराष्ट्र में भी सत्ता परिवर्तन होगा।

## खाते में आयेंगे एक लाख रुपये, अफवाह पर अकाउंट खुलवाने पहुंच गयीं महिलाएं

- कैमूर में सीएसपी सेंटर में भीड़ लगी
- पुलिस और एसडीओ को करना पड़ा हस्तक्षेप

आजाद सिपाही संवाददाता

**कैमूर।** बिहार के कैमूर में शनिवार को बड़ी संख्या में महिलाएं खाता खुलवाने ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) सेंटर पहुंच गयीं। जब उनसे इसका कारण पूछा गया तो महिलाओं ने कहा कि उन्हें बताया गया कि अकाउंट में एक लाख रुपये दिये जा रहे हैं, इसलिए हम लोग भी अकाउंट खुलवाने पहुंचे हैं। दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव के दौरान सभाओं में कहा था कि भाजपा वाले 22 अरबपति बना रहे हैं। हम करोड़ों लखपति बनायेंगे। हर परिवार से एक महिला चुनी जायेंगी। उन करोड़ों महिलाओं के खाते में एक लाख रुपये भेजे जायेंगे। यानी महीने 8,500 रुपया खाते में खटाखट-खटाखट जायेगा।



**महिलाओं ने ही एक-दूसरे को दी सूचना :** पार्षद प्रतिनिधि मोहनिया रविकांत ने कहा कि जब यहां से गुजर रहे थे, तो देखा कि महिलाओं की भीड़ ज्यादा है। पहले लगा, किसी समूह की महिलाएं हैं, काम से आयी हैं, लेकिन फिर पता लगा कि एक लाख रुपये मिलने की अफवाह पर सभी पहुंची सीएसपी पहुंची हैं। पैसे मिलने की चाहत लिये रामगढ़ से आयी रामनानी देवी ने कहा कि वह खाता खुलवाने आयी हैं। दूसरी महिलाओं ने उन्हें बताया कि अकाउंट में एक लाख रुपया मिलेगा, इसलिए हम आये हैं। सरकार सभी को पैसे दे रही है।

**पुलिस-एसडीओ ने समझाया :** मोहनिया प्रखंड स्थित बैंक के सीएसपी सेंटर पर खाता खुलवाने कई महिलाएं एक साथ पहुंच गयीं। महिलाओं की भारी भीड़ को देख पुलिस पहुंची। पुलिस ने महिलाओं को बड़ी मुश्किल से समझा कर घर भेजा। इस दौरान कई महिलाएं जाने से साफ मना कर रही थीं। मोहनिया बीडीओ संजय दास ने कहा कि किसी ने अफवाह फैला दी है कि खाता खुलवाने पर उसमें एक लाख रुपये मिलेंगे। इसके बाद जिले भर से महिलाएं यहां आ रही थीं। इनको समझा दिया गया है कि ऐसी कोई बात नहीं है।

झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि०
प्रधान कार्यालय : शहीद चौक, मेन रोड, रांची- 834001
E-mail : mdjscb@gmail.com • Ph. No. 0651-2225001

दैनिक समाचार पत्र "आजाद सिपाही" के स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड राज्य सहकारी बैंक लि० की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं एवं ढ़ेरों सारी बधाईयां ।

बड़े हर्ष के साथ कहना है कि दैनिक समाचार पत्र आजाद सिपाही ने 16 जून, 2024 को अपने उत्कृष्ट समाचार एवं सारगर्भित लेखनी के माध्यम से निष्पक्ष पत्रकारिता का मुकाम हासिल करते हुए सफलतम नौ साल पूरा कर रहा है। समाचार पत्र में विशेषकर झारखंड की सांस्कृतिक एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित श्रृखंला प्रेरणादायी है।

मैं विगत एक वर्ष से झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि० के अध्यक्ष पद पर कार्य करते हुए बैंक की चहुमूँखी विकास के लिए प्रयासरत हूँ। बैंक के विकास में मिडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिसमें विशेषकर झारखण्ड के समितियों (लैम्पस/पैक्स/विशेष प्रकार की समितियॉ) को वित्तीय क्षेत्र में तकनीकी रूप से जागरूकता का प्रसार किया है। मेरे कार्यकाल में बैंक के आधारभूत संरचनाओं के साथ–साथ झारखण्ड सरकार से समन्वय स्थापित कर बैंकिंग विकास में महत्वपूर्ण उपलब्धियॉ हासिल किया गया है, जो निम्नलिखित है:–

- बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–2024 में 69 करोड़ रूपये शुद्ध लाभ अर्जित किया गया है, जो सहकारी बैंक के इतिहास में अभूतपूर्व परिणाम एवं प्रगति है।
- बैंक द्वारा झारखण्ड सरकार से विशेष मॉग के परिप्रेक्ष्य में कृषकों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर के.सी.सी. ऋण प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की गयी ।
- बैंक के निदेशक पर्षद द्वारा गत वित्तीय वर्ष में लैम्पस/पैक्स के सदस्यों को 100.00 करोड़ के.सी.सी. ऋण वितरीत करने की स्वीकृति प्रदान की गयी।
- महज 01 वर्ष के कार्यकाल में बैंक का शुद्ध एन०पी०ए० 3.01% से घटकर मात्र 1.97% रह गया है, जो बैंक को **बैंकिंग मानक श्रेणी** की ओर अग्रसर करता है।
- झारखण्ड राज्य के सभी लैम्पस/पैक्स को झारखंड राज्य सहकारी बैंक लि० से शत प्रतिशत संबंद्धता का लक्ष्य पूरा किया गया।
- बैंक सेवी के माध्यम से सूदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएँ प्रदान की जा रही है।
- झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि० के.सी.सी. ऋण अंतर्गत ब्याज अनुदान हेतु झारखंड सरकार के नोडल बैंक के रूप में कार्यरत है।
- वित्तीय वर्ष 2022–23 में स्वयं सहायता समूह को बैंकिंग लिंकेज से जोड़ा गया, जिसके परिणामस्वरूप महिलायें आत्म निर्भर बन सकी। इस अद्‌भूत प्रदर्शन के कारण केन्द्र सरकार से राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- बैंक कार्मिकों को स्वास्थ्य बीमा एवं टर्म बीमा के लाभ से आच्छादित किया गया है।
- बैंक के सहयोग से लैम्पस/पैक्स का कम्प्यूटरीकरण कार्य प्रारंभ है।
- झारखण्ड राज्य के समितियों को प्रशिक्षण देने हेतु "सहकारिता प्रशिक्षण संस्थान" प्रारंभ करने के लिए झारखण्ड सरकार से MOU किया जा रहा है।
- सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक बैंकिंग सेवा प्रदान करने हेतु नाबार्ड के द्वारा 05 ए.टी.एम. वेन की स्वीकृति दी गयी है।
- झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि0 वर्तमान में ग्राहकों को वाणिज्यिक बैंकों की भॉति सभी प्रकार की सेवाएं सुदूरवर्ती क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्रों तक सफलतापूर्वक प्रदान कर रही है। झारखंड राज्य सहकारी बैंक द्वारा ग्राहको को बचत खाता (SB Account) चालू खाता, आवर्ती जमा खाता (RD Account) सरकारी सेवकों के लिए वेतन खाता, सावधि जमा खाता, ATM सुविधा, माईक्रो ATM, RTGS/NEFT, CTS/AEPS/APBS, PFMS, ECS, लॉकर सुविधा के अतिरिक्त वेतन भोगियों के लिए व्यक्तिगत ऋण, गृह ऋण, वाहन ऋण, अधिविकर्ष ऋण आदि के साथ–साथ व्यवसायियों हेतु सभी प्रकार के व्यावसायिक ऋण एवं कृषकों के लिए के.सी.सी./एफ.सी.सी./डेयरी ऋण की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।

उपांकित बिन्दूओं के अतिरिक्त झारखंड राज्य सहकारी बैंक को अनूसूचित बैंक की श्रेणी में लाने हेतु महत्वपूर्ण बैंकिंग मामलो पर सकारात्मक निर्णय लिया जा रहा है। साथ ही झारखंड राज्य के प्रत्येक प्रखंड में बैंक की शाखाऍ खोलने एवं वित्तीय वर्ष 2024–25 में किसानों को 200.00 करोड़ के०सी०सी० ऋण वितरण करने का लक्ष्य तथा लैम्पस/पैक्स के सदस्यों को बैंकिंग गतिविधियों के माध्यम से रोजगार मुहैया कराना एवं बैंक में रिक्त पदों पर अविलंब नियुक्ति करना हमारा सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है।


अंततः हमारा प्रयास यह है कि सहकारिता के माध्यम से बैंकिंग विकास संभव हो और इसका लाभ बैंक से जुड़े प्रत्येक लैम्पस/पैक्स के सदस्यों को ससमय प्राप्त हो सके।

पुनः समाचार पत्र "आजाद सिपाही" को अशेष मंगलकामनाएँ ................




श्रीमती बिभा सिंह
अध्यक्ष
झारखंड राज्य सहकारी बैंक लि०
रांची (झारखंड)


आजाद सिपाही
का
9वां
स्थापना दिवस
सच लिखना ही
आजाद सिपाही की पहचान है
आजाद सिपाही ने अल्प समय
में ही पत्रकारिता के क्षेत्र में
एक अलग ही मुकाम हासिल किया है।
आजाद सिपाही के समस्त परिवार को
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
सन्नी टोप्पो
युवा भाजपा नेता


आजाद सिपाही
के
9 वें स्थापना दिवस
पर आजाद सिपाही समूह से जुड़े सभी पत्रकारों
व कार्यरत साथियों को हार्दिक बधाई
सशक्त लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष पत्रकारिता का
सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है
समाज को जागरुक एवं लोकतंत्र को
मजबूत बनाने वाले सभी पत्रकार बंधुओं को
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
जैलेन्द्र कुमार
पूर्व अध्यक्ष, रांची जिला ग्रामीण, भाजपा

# जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं का कारण

जम्मू-कश्मीर में पिछले दिनों एक के बाद एक चार आतंकी हमलों ने सुरक्षा बलों और सरकारी हलकों में ठीक ही चिंता जगायी है। ये हमले न सिर्फ आतंक के पैटर्न में बदलाव का संकेत हैं, बल्कि देश-दुनिया को यह संदेश देने की भी कोशिश है कि कश्मीर में सब कुछ ठीक नहीं है। यह संयोग नहीं हो सकता कि इन हमलों की शुरुआत के लिए 9 जून की तारीख को चुना गया। वह दिन जब लोकसभा चुनावों के बाद नरेंद्र मोदी सरकार ने नया कार्यकाल शुरू किया। जाहिर है, जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न होना और उसमें लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी दिखना आतंकवादी तत्वों को रास नहीं आया। यह अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा खत्म किये जाने के बाद पहला चुनाव था। अब 30 सितंबर से पहले वहां विधानसभा चुनाव करवाये जाने हैं। आतंकवादियों और उनके आकाओं का अगला लक्ष्य चुनाव की प्रक्रिया में जहां तक हो सके बाधा पहुंचाना ही हो सकता है। सुरक्षा बलों ने आतंकियों की नकेल कसने के जो प्रयास पिछले कुछ वर्षों में किये हैं, उनका असर आतंकी घटनाओं में आयी कमी में ही नहीं, आतंकियों की लगातार बदलती रणनीति में भी दिखती है। पहले आतंकियों ने टारगेटेड किलिंग का सहारा लेते हुए आम लोगों को निशाना बनाने की कोशिश की, जो उनके लिए सॉफ्ट टारगेट हो सकते थे। अब घाटी में सुरक्षा बलों के कड़े बंदोबस्त को देखते हुए जम्मू के उन इलाकों में गतिविधियां बढ़ायी गयी हैं, जो लंबे समय से शांत और आतंकवाद से मुक्त माने जाते रहे हैं। गौर करने की बात यह भी है कि आतंकियों ने रियासी में तीर्थयात्रियों से भरी बस को निशाना बनाया। चरम उग्रवाद के दौर में भी जम्मू-कश्मीर में टूरिस्टों और अमरनाथ यात्रा को निशाना बनाने से बचने का ट्रेंड दिखता था। वजह यह बतायी जाती थी कि इससे राज्य की टूरिज्म पर आधारित इकॉनमी का नुकसान होगा, लेकिन सीमा पार से संचालित आतंकवादियों से ऐसे संयम और सोच की अपेक्षा नहीं की जा सकती। आशंका है कि आगे चल कर ऐसे हमले और बढ़ सकते हैं। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ जरूर दोस्ती की इच्छा जता रहे हैं, लेकिन उनकी इस इच्छा को पाकिस्तानी फौज की असली मंशा का संकेत नहीं माना जा सकता। अतीत में इन दोनों का फर्क खतरनाक रूप में सामने आता रहा है। ऐसे में 90 के दशक के पैटर्न पर सुरक्षा बलों की तैनाती का फैसला वक्त की जरूरत है। मगर इसके साथ ही सरकार को यह संकल्प बनाये रखना होगा कि किसी भी सूरत में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव आगे खिसकाने की नौबत नहीं आने देनी है।

**जाहिर है, जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न होना और उसमें लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी दिखना आतंकवादी तत्वों को रास नहीं आया। यह अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा खत्म किये जाने के बाद पहला चुनाव था।**

अभिमत
आजाद सिपाही

सूबे से लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव के परिणाम आते ही कयास लगने शुरू हो गये कि धार्मिक आस्था से सराबोर इस राज्य ने आखिरकार कैसे राजनीतिक करवट ले ली। हालिया मुद्दे वहां प्रभावी रहे या फिर बदलाव की पटकथा पहले से लिखी जा चुकी थी। वैसे राजनीति के जानकार बीजद की एंटी-इनकंबेंसी को इसका प्रबल और पुख्ता कारण मानते हैं। वास्तव में वहां परिस्थितियां अनुकूल थीं और ओड़िशा के लोगों के हिंदू-उड़िया समन्वय को साधने में भाजपा को कामयाबी मिली।

# कई मायनों में अहम है ओड़िशा का चुनाव परिणाम

द्वारिका मिश्र 'सुमन'



ओड़िशा में लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों के परिणाम राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य पर कई मायनों में अहम हो गये हैं। पिछले चार जून को चुनाव नतीजों के बाद एनडीए के मित्रदलों के द्वारा बहुमत का जादुई आंकड़ा पार करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपने पहले संबोधन की शुरुआत में किया गया 'जय जगन्नाथ' का उद्घोष राजनीतिक चश्मे से देखते हुए अहम माना जाने लगा है। भाजपा ने ओड़िशा में 21 लोकसभा सीटों में से 20 सीट जीत कर बीजद को करीब-करीब संसद से बाहर का रास्ता दिखा दिया। साथ ही 147 सीटों वाली विधानसभा में 78 सीटों पर जीत दर्ज कर 24 वर्षों से सत्तासीन नवीन पटनायक को राजनीतिक विश्राम करने का संकेत भी दे दिया।

सूबे से लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव के परिणाम आते ही कयास लगने शुरू हो गये कि धार्मिक आस्था से सराबोर इस राज्य ने आखिरकार कैसे राजनीतिक करवट ले ली। हालिया मुद्दे वहां प्रभावी रहे या फिर बदलाव की पटकथा पहले से लिखी जा चुकी थी। वैसे राजनीति के जानकार बीजद की एंटी-इनकंबेंसी को इसका प्रबल और पुख्ता कारण मानते हैं। वास्तव में वहां परिस्थितियां अनुकूल थीं और ओड़िशा के लोगों के हिंदू-उड़िया समन्वय को साधने में भाजपा को कामयाबी मिली। आमजन यह मान कर चले कि राज्य में हिंदुत्व की अक्षुण्णता को भाजपा ही संजो कर रख सकती है।

**पहले छत्तीसगढ़ और फिर अब ओड़िशा में जनजातीय समुदाय से मुख्यमंत्री की ताजपोशी कई मायने में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।**



**स्पष्ट तौर पर लग रहा है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व झारखंड विधानसभा चुनाव में जनजातीय समुदाय के वोटरों को लेकर गंभीर है। अभी हालिया लोकसभा चुनाव में झारखंड में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सभी सीटें भाजपा ने गंवायी हैं। इस समुदाय विशेष का भाजपा से विमुख होना पार्टी के लिए चिंतनीय और विचारणीय है। हालांकि लोकसभा चुनाव के आंकड़ों के अनुसार सूबे की 50 विधानसभा सीटों में भाजपा को बढ़त हासिल हुई है, लेकिन इस बढ़त को विधानसभा चुनाव तक कायम रखना पार्टी के लिए एक गंभीर चुनौती है और इसके लिए पार्टी की मौजूदा सांगठनिक संरचना पर भी गौर किया जाना प्रासंगिक है।**

दूसरी ओर बीजद सरकार में नौकरशाही के हावी रहने की कीमत भी सरकार को चुकानी पड़ी। दक्षिण के एक रिटायर्ड आइएएस नौकरशाह की मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से नजदीकियां पहले से हीं लोगों को खल रही थीं।अपने चुनाव प्रचार के दौरान मैराथन रैलियों में प्रधानमंत्री मोदी ने ओड़िशा सरकार पर हावी उक्त नौकरशाह पर करारा निशाना साधा। इस दौरान नवीन पटनायक की अस्वस्थता की बातें भी सतह पर आ गयीं। बहरहाल अब बहुमत हासिल करने के बाद ओड़िशा में भाजपा की सरकार बन चुकी है तथा मुख्यमंत्री के रूप में जनजातीय समुदाय के मोहन चरण माझी शपथ भी ले चुके हैं, जो राज्य में पहली भाजपा सरकार का नेतृत्व करेंगे।

महज छह माह के अंदर झारखंड में विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में दो पड़ोसी राज्यों क्रमशः पहले छत्तीसगढ़ और फिर अब ओड़िशा में जनजातीय समुदाय से मुख्यमंत्री की ताजपोशी कई मायने में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। स्पष्ट तौर पर लग रहा है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व झारखंड विधानसभा चुनाव में जनजातीय समुदाय के वोटरों को लेकर गंभीर है। अभी हालिया लोकसभा चुनाव में झारखंड में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सभी सीटें भाजपा ने गंवायी हैं। इस समुदाय विशेष का भाजपा से विमुख होना पार्टी के लिए चिंतनीय और विचारणीय है। हालांकि लोकसभा चुनाव के आंकड़ों के अनुसार सूबे की 50 विधानसभा सीटों में भाजपा को बढ़त हासिल हुई है, लेकिन इस बढ़त को विधानसभा चुनाव तक कायम रखना पार्टी के लिए एक गंभीर चुनौती है और इसके लिए पार्टी की मौजूदा सांगठनिक संरचना पर भी गौर किया जाना प्रासंगिक है। विधानसभा के चुनावों में स्थानीय मुद्दे प्रभावी होते हैं, जिसे सामने रख कर आगे बढ़ने की जरूरत है। विशेषकर जनजातीय बहुल इलाकों में पार्टी कार्यकर्ताओं को गांव-परिवार तक संपर्क साधने की भी जरूरत है। इस दौरान भाजपा को आम मतदाताओं के बीच बोयी गयी भ्रांतियों को भी दूर करने का जमीनी प्रयास करना होगा, तभी छत्तीसगढ़ और ओड़िशा के अनुरूप झारखंड को भगवामय करने का मंसूबा पूरा हो सकता है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## रांची की खबरें

### मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से कमांडेंट सरोजिनी लकड़ा ने की मुलाकात



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से शनिवार को मोरहाबादी स्थित आवास में जैप-2 की कमांडेंट सरोजिनी लकड़ा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### आजसू केंद्रीय समिति की बैठक 16 जून को

रांची (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में 16 जून को रांची में केंद्रीय समिति की बैठक होगी। बैठक में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, सचिव, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य, प्रमुख और उपप्रमुख, महानगर अध्यक्ष, सचिव भाग लेंगे।

### गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के शूटर शिव को बेल

रांची (आजाद सिपाही)।गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के शूटर शिव कुमार उर्फ शिवेंद्र को झारखंड हाइकोर्ट ने जमानत दे दी है। शिव कुमार ने अपने अधिवक्ता अमन कुमार राहुल के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की थी। इस पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रौशन की डबल बेंच में सुनवाई हुई। बता दें कि एटीएस ने शिव कुमार को 11 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में था। इसी केस में अमन श्रीवास्तव का भाई अविक श्रीवास्तव समेत अन्य कई लोग आरोपी हैं। एटीएस ने शिव कुमार के खिलाफ वर्ष 2022 में कांड संख्या 1-2022 दर्ज किया था। चार्जशीट में गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव, अविक श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश राणु, मंजरी श्रीवास्तव, एलेश लकड़ा, प्रिंसराज श्रीवास्तव, विनोद कुमार पांडेय, अमजद खान समेत अन्य को आरोपी बनाया गया है। एटीएस ने अपनी चार्जशीट में बताया है कि अमन श्रीवास्तव गैंग के अपराधी रंगदारी से पैसे जुटाते हैं और उन पैसों से हथियार खरीद कर आतंक कायम करने के लिए गोलीबारी-आगजनी कर खौफ फैलाते हैं।

### इडी ने हेमंत सोरेन के प्रोडक्शन के लिए कोर्ट में दिया आवेदन

रांची (आजाद सिपाही)। इडी की शिकायतवाद के आलोक में समन की अवहेलना मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन 15 जून को एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट में पेश नहीं हुए। हेमंत सोरेन की इस मामले में उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए इडी की ओर से उनके प्रोडक्शन के लिए आवेदन दिया गया। आवेदन में इडी की ओर से अनुरोध किया गया कि हेमंत सोरेन अभी जेल में हैं, उन्हें इस मामले में प्रोडक्शन कर उपस्थिति दर्ज करायी जाये। आवेदन के आलोक में बिरसा मुंडा जेल अधीक्षक के पास पत्र लिखा गया है। इडी के इस आवेदन पर अगले सप्ताह सुनवाई होगी।

## ससमय खाद्यान्न का वितरण करें : खाद्य आयुक्त

**पूर्वी सिंहभूम समेत राज्यभर के जिला आपूर्ति पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के खाद्य आयुक्त अमिताभ कौशल ने शुक्रवार को पूर्वी सिंहभूम समेत राज्यभर के जिला आपूर्ति पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से वितरण की समीक्षा की। इसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत बने राशन कार्ड और झारखंड खाद्य सुरक्षा योजना के बने राशन कार्ड (ग्रीन राशन कार्ड) पर खाद्यान्न का वितरण समय पर करने का आदेश दिया। इसके अलावा कार्डधारियों के बीच दाल का वितरण करने, कोविड कार्यकाल में बाहर से मजदूरों का और यहां के बाहर गये मजदूरों के बारे में पता लगाने, समय पर राशन देने का भी निर्देश दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पूर्वी सिंहभूम से जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर मौजूद थे। शहरी क्षेत्र बिष्टुपुर और साकची इलाके में मार्केटिंग ऑफिसर सुदिप्त राज ने शुक्रवार को पीडीएस डीलर दुकान का निरीक्षण किया। इसमें बिष्टुपुर जेजीसीसी स्टोर्ट बिष्टुपुर (लाइसेंस नंबर 46,85) दुकान बंद मिली। बिष्टुपुर के एक अन्य डीलर के यहां भंडार पंजी नहीं दिखायी गयी। मार्केटिंग ऑफिसर ने ऐसे पीडीएस डीलर के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा करते हुए विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी को रिपोर्ट सौंपी। मार्केटिंग ऑफिसर ने बिष्टुपुर-साकची क्षेत्र के 14 पीडीएस डीलर की दुकान की जांच की। भुइयांडीह नंदनगर में पीडीएस डीलर भोला साव के यहां ग्रीन राशन कार्ड मद के 26 बोरी चावल पकड़े जाने के मामले में बमार्माइंस स्थित राज्य खाद्य निगम के सहायक गोदाम प्रबंधक, डोर स्टेप डिलेवरी के अभिकर्ता (डीएसडी) और कंप्यूटर ऑपरेटर ने शो-कॉज नोटिस का जवाब जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सौंप दिया है।

## झाप्रसे के अधिकारी राजीव पर एक्शन

**खासमहल जमीन को दिखा दी रैयती**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के अफसर राजीव कुमार सिंह पर गाज गिरी है। सरकार ने राजीव कुमार सिंह के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। हजारीबाग सदर के तत्कालीन अंचल अधिकारी राजीव कुमार सिंह पर हजारीबाग कैंटोनमेंट खाता संख्या-68, प्लॉट संख्या-366-387, रकबा क्रमशः 0.24 एकड़ और 0.28 एकड़ कुल रकबा 0.52 एकड़ भूमि, जो खास महल थी, उसे रैयती भूमि दिखा कर जमाबंदी करने का आरोप है। इसके अलावा सरकारी भूमि की गलत तरीके से खरीद-बिक्री को प्रोत्साहन देने और सरकारी भूमि को नुकसान पहुंचा कर सरकारी लीज भूमि से प्राप्त हाने वाले राजस्व को क्षति पहुंचाने का भी आरोप है। प्रथम दृष्टया आरोप प्रमाणित होने पर इसकी जांच के लिए गणेश कुमार को जांच पदाधिकारी बनाया गया है।

## युवाओं में कर्तव्य-समर्पण की भावना पैदा करता है एनसीसी : एसके मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में एनसीसी 3 झारखंड गर्ल्स बटालियन की 22 कैडेट्स खेलगांव पहुंचे। विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने कैडेट्स को रोल मॉडल बनने के लिए सलाह दी। उन्होंने कैडेट्स को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने और पूरे जोश के साथ प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं में देश के प्रति कर्तव्य और समर्पण की भावना पैदा करता है। श्री मिश्रा ने बटालियन की दो कैडेट्स टिवंकल वर्मा और श्रेयसी बाखला को अखिल भारतीय थल सैनिक कैंप में फायरिंग के लिए चुने जाने पर बधाई दी। एएनओ अनुराधा सिंह ने बताया कि दोनों कैडेट्स को आगामी एनसीसी कैंप में फायरिंग का विधिवत प्रशिक्षण मिलेगा।

### राजकुमार की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई 6 जुलाई को

रांची (आजाद सिपाही)। जमीन घोटाला मामले में जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत याचिका पर शनिवार को सुनवाई हुई। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि 6 जुलाई निर्धारित की है। पूर्व में दोनों पक्षों की ओर से बहस हुई थी। इडी इस मामले में राजकुमार पाहन को भी आरोपित बनाते हुए उसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है। इडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने समन जारी किया है। इसके बाद से उस पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। गिरफ्तारी से बचने के लिए राजकुमार पाहन ने 1 मई को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। यह मामला बड़गाईं अंचल के अधीन 8.86 एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा से जुड़ा है। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। मामले में 30 मार्च को इडी ने हेमंत सोरेन सहित पांच के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। चार्जशीट में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बड़गाईं अंचल के निलंबित उप राजस्व कर्मी भानु प्रताप प्रसाद, जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन, आर्किटेक्ट बिनोद सिंह और हिलेरियस कच्छप के नाम शामिल हैं।

### खीर और खिचड़ी का वितरण किया गया



रांची (आजाद सिपाही)। श्री शनि देव मनोकामना मंदिर में समाजसेवी शंकर दुबे के द्वारा सुबह नौ बजे खीर प्रसाद का वितरण किया गया। वृद्धा आश्रम बरियातू में दोपहर को समाजसेवी शंकर दुबे के द्वारा खिचड़ी का वितरण किया गया।

### निर्जला एकादशी का व्रत 18 को

रांची (आजाद सिपाही)। निर्जला एकादशी का व्रत मंगलवार को श्रद्धाभाव से मनेगा। सनातनी एकादशी तिथि को श्रीहरि उपासना के लिए अति महत्वपूर्ण मानते हैं, लेकिन निर्जला एकादशी को और भी ज्यादा महत्व दिया जाता है। मान्यता है कि इस एकादशी में अगर नेम-निष्ठा से निर्जला व्रत करने पर पूरे साल के 24 एकादशी व्रत का फल एक बार में ही मिल जाता है। इतना ही नहीं, निर्जला एकादशी का उपवास करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। जीवन में सुख-समृद्धि और शांति कायम रहती है। साथ ही सारे पाप भी मिट जाते हैं। निर्जला एकादशी व्रत का पारण 19 जून को किया जायेगा।

### 18 जून को होगा रेलवे चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार

रांची (आजाद सिपाही)। दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से चिकित्सकों की नियुक्ति होगी। ये नियुक्ति आद्रा डिवीजन के अलग-अलग स्टेशनों में अवस्थित अस्पतालों के लिए होगी। साक्षात्कार के माध्यम से 11 चिकित्सकों की भर्ती की जायेगी। दक्षिण पूर्व रेलवे के अनुसार साक्षात्कार 18 जून को किया जायेगा। आवेदन के लिए पहले हीअभ्यर्थियों को समय दिया गया था, जिसकी तिथि पूरी हो गयी है। ऐसे में अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट कर साक्षात्कार लिया जायेगा। इसमें से पांच अनारक्षित, दो अनुसूचित जाति, एक अनुसूचित जनजाति तथा तीन पद पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। साक्षात्कार 18 जून को आद्रा में होगा। यह भर्ती पूर्णकालिक संविदा आधार पर आद्रा, बांकुरा, पुरुलिया, भागा, भोजुडीह, महुदा, बर्नपुर, अनारा, चांडिल, गरबेटा और बोकारो स्टील सिटी के अस्पतालों में की जायेगी। पहले साल के लिए 95,000 रुपये प्रति माह, दूसरे माह के लिए 1,05,000 रुपये प्रति माह विशेषज्ञ डॉक्टरों को मिलेगा। जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर और सेवानिवृत्त चिकित्सकों को 75 हजार रुपये मानदेय मिलेगा।

### अंतिम संस्कार में भाग लेने जा रहे दो लोगों की सड़क हादसे में मौत

सिमडेगा (आजाद सिपाही)। सिमडेगा के कोलेबिरा के समीप मुख्य पथ पर मां गायत्री फ्यूल सेंटर के पास ट्रेलर की चपेट में आने से दो ग्रामीणों की मौत हो गयी। मृतकों में लसिया पंचायत के लाय केरा गांव निवासी अजय बागे और चामू सोरेंग शामिल हैं। वहीं एक अन्य ग्रामीण घायल है। उसकी पहचान टुनिया प्रधान के रूप में हुई है। उसका इलाज सीएचसी में चल रहा है। बताया गया कि तीनों ग्रामीण एक ही बाइक से अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए ग्लाय टोली जा रहे थे।

आजाद सिपाही
DIGITAL READERS
1 LAC+DAILY

आजाद सिपाही
SUBSCRIBERS 192K +
VIEWERSHIP 5 Crore




# के

# 9 वें स्थापना दिवस

आजाद सिपाही की समूह से जुड़े सभी पत्रकारों व कार्यरत साथियों को हार्दिक बधाई।

## आजाद सिपाही ने अल्प समय में ही पत्रकारिता के क्षेत्र में एक अलग ही मुकाम हासिल किया है।



उम्मीद करता हूँ कि आजाद सिपाही अपनी निष्पक्ष, निर्भीक खबरों के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों को उजागर करने में सहभागी बन, अपनी महती भूमिका का निर्वहन करता रहेगा।

*WITH BEST COMPLIMENTS FROM*

# A & A CONSTRUCTION

PUSTAK BHAWAN COMPLEX, COURT ROAD, RANCHI (JHARKHAND)

# आजाद सिपाही उत्कर्ष का 9वां वर्ष



## समाचार पत्र और मीडिया के बिना लोकतंत्र की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

## गौरवशाली 9वें वर्ष

में प्रवेश के अवसर पर **आजाद सिपाही परिवार** को हार्दिक बधाई

# महोत्सव विश्वास का

आजाद सिपाही

अटूट रिश्ते और स्नेह के लिए
**धन्यवाद**



सबका साथ
सबका विकास....

# कृपा शंकर सिंह

सदस्य प्रदेश कार्यसमिति,
भाजपा, झारखंड प्रदेश

# Urmila RCP Projects Pvt. Ltd.

## गौरवशाली 9वें वर्ष

में प्रवेश के अवसर पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई

## महोत्सव विश्वास का




अटूट रिश्ते और स्नेह के लिए
**धन्यवाद**


## OUR SPECIALITIES

- We are expertise in various Water Packages Work.
- We are Engineers, engaged in civil construction
- We are registered with various Govt. organizations
- We have executed Bridges, Culverts and Mass concrete works.
- We Expert in Power Plant, Coal Washery and Steel Plant Projects.
- We have worked on Road projects, Drainage systems & other Infra structural & industrial Development Projects.
- We have also been in Real Estate focused on quality and customised flats as per customer needs.

**Our Upcoming Project- Near DAV Alok, Pundag**


1. MOUNT BLANK
Residency Project of 200 Units of Residential Flats
2. LAKHAN RESIDENCY
Pundag, Ranchi (Jharkhand)

## ON GOING PROJECTS


12meter wide Foot Over Bridge at Shalimar Railway Station


12meter wide Foot Over Bridge at Shalimar Railway Station


Intake Well At Tilaiya Dam


140 meter long underpass at Shalimar Railway Station


Faculty quarters at IIT Kharagpur

## COMPLETED PROJECTS









## OUR CLIENTS

IRCON INTERNATIONAL LIMITED · EPI · NBCC · Airports Authority of India · झारखण्ड सरकार · Damodar Valley Corporation · BHARAT SANCHAR NIGAM LTD. · HSCL · VOLTAS LIMITED · MB · Kirloskar Enriching Lives

Head Office : 3rd Floor, Rcp Complex, Kadru Main Road, Opposite Hotel Pearl Regency, Ranchi. 834002

Branch Office: North Block-417, Astra Tower, New Town, Kolkata

9977066859, 7542034745

ho. urmilarcp@gmail.com | ho@urmilarcp.in

# G D GOENKA PUBLIC SCHOOL

G.D. GOENKA SCHOOLS


EXCELLENCE IN EDUCATION 30 YEARS GD GOENKA

## RANCHI Jharkhand




## Facilities at GD Goenka

- Semi Olympic size swimming pool
- Volleyball court
- Badminton court
- Olympic size basketball court & lawn tennis
- Rifle Shooting
- Jimmy jolly tyre park
- Gym
- Mini Golf Course
- Smart Classes
- Canteen
- Indian & Western Music Studio
- Cricket net
- Aerobics, Yoga & Meditation
- Integrated Science lab
- Maths lab
- GPS enabled AC buses with CCTV Camera
- Language Lab















www.gdgoenkaranchi.com
info@gdgoenkaranchi.com

GD Goenka Public School
Doranda- Namkum Road,
Near Namkum Block, Namkum, Ranchi 834010

CALL US ON :
7707001107/08


Gitanjali
BANQUET HALL
Gitanjali
Banquet Hall
गौरवशाली 9वें वर्ष
में प्रवेश के अवसर पर आजाद सिपाही परिवार
को हार्दिक बधाई
महोत्सव विश्वास का आजाद सिपाही
अटूट रिश्ते और स्नेह के लिए
धन्यवाद
GITANJALI
Gitanjali, A Unique Premium Banquet Hall Is All Set To Redefine Hospitality In Ranchi
Specially For
Wedding
Reception Party
Conference
Corporate Party
Ring Ceremony
Baby Shower
Other Special Events
A Luxurious Property Full Of Modern Amenities & Premium Features
7200sq Ft Centralised Ac Hall
18000 Sq Ft Lawn
13a/c Deluxe Rooms
Ample Parking Space
Excellent Service & Management
Courteous & Professional Staff
Add.: Tagore Hill Road, Chiraundi, Ranchi
Mob: 9835191305, 9771458064
9835194671


सबका साथ सबका विकास
सशक्त लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष पत्रकारिता का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है
आजाद सिपाही
के
9वें स्थापना दिवस
पर आजाद सिपाही समूह से जुड़े सभी पत्रकारों व कार्यरत साथियों को हार्दिक बधाई
दीपक बंका
प्रदेश कोषाध्यक्ष
भाजपा झारखंड


G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE
कोल इण्डिया Coal India
cmpdi
A Mini-Ratna Company
TOTAL MINING SOLUTIONS
One stop solution
India's one of the largest consultancy organization with over 47 years of experience as in-house consultant to Coal India Limited is diversifying its activities to other mine owners.
An ISO 9001:2015 & 37001:2016 Certified Mini-Ratna Company with Headquarters at Ranchi and 7 strategically located Regional Institutes to provide door-step services.
Recipient of the SCOPE Meritorious Award from President of India for R&D initiatives in the Coal Sector.
Facilitated production augmentation of CIL from 79 Mt in 1975-76 to 773.64 Mt in 2023-24.
Offers full range of services in the sphere of resource exploration, mining, beneficiation and development of mine from concept to commissioning including environmental, geomatics and specialized services including Blasting, NDT, CBM/CMM & Coal Gasification, etc.
Expertise under one roof
• Integrated Exploration services
• Preparation of Master Plans of Coalfields
• Project Planning & Design including concept to commissioning to closure for coal & minerals.
• Engineering Services including Planning for Infrastructure Development
• Coal Beneficiation
• Preparation of EIA/EMP.
• Environment Monitoring and Mine Closure Planning
• Remote sensing surveillance and monitoring
• Drone/UAV based survey and mapping services
• Hydrogeological services
• Project Management Consultancy services for Civil construction supervision, Solar Power Projects, etc.
• Lab services viz. Coal characterization, Washability of Coal, Mine Air, Water & Soil quality, Physico-Mechanical properties of rocks, CBM related studies, etc.
• Specialized Services in the field of Blasting, Ventilation, Support Design, NDT, Clean Coal Technology like CBM, CMM & Coal Gasification, etc.
CENTRAL MINE PLANNING AND DESIGN INSTITUTE LIMITED
(A Subsidiary of Coal India Limited)
Gondwana Place, Kanke Road,
Ranchi 834 031 (Jharkhand) INDIA
Tel: +91 651 2230116/2230483
Fax: +91 651 2232249/2231447
Email: gmbd.cmpdi@coalindia.in
INTERNATIONAL YEAR OF MILLETS 2023
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
www.cmpdi.co.in
/CMPDIL/
/cmpdil/
/cmpdi
/CMPDIL/


आजसू पार्टी
हमारा प्रयास : सामाजिक न्याय और विकास
आजाद सिपाही
के
9वें स्थापना दिवस
पर आजाद सिपाही समूह से जुड़े सभी पत्रकारों व कार्यरत साथियों को हार्दिक बधाई
आजाद सिपाही के समस्त परिवार को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डॉ. लम्बोदर महतो
आजसू विधायक
गोमिया विधानसभा क्षेत्र
अच्छे लोग
अच्छी सोच
अच्छे परिणाम

# मनरेगा योजनाओं का भौतिक निरीक्षण अवश्य करें : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा विभिन्न विभागों को दिये गये निदेशों की ब्रीफिंग शनिवार को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में पदाधिकारियों के बीच की गई। बैठक में ग्रामीण विकास अंतर्गत वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना अंतर्गत एक सप्ताह में भूमि चिन्हित करने का निर्देश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया। बिरसा सिंचाई कूप अंतर्गत जिन लाभुकों का भुगतान लंबित है उनका भुगतान किये जाने का निदेश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत प्रत्येक गांव औसतन पांच योजनाएं संचालित किये जाने का निर्देश दिया गया। मनरेगा योजनाओं का भौतिक निरीक्षण अवश्य करें। योजना की समीक्षा अवश्य करें।

जेएसएलपीएस को फर्स्ट क्रेडिट लिंकेज के बाद दूसरी व तीसरी लिंकेज भी समय से किये जाने व एसएचजी की मॉनिटरिंग किये जाने का निदेश दिया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना में किस्को और सेन्हा प्रखण्ड में आवास की पूर्णता में कमी पर रोष व्यक्त किया गया और योजना की पूर्णता में तेजी लाये जाने का निदेश दिया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना में बागवानी योजना में मिट्टी की जांच के बाद ही चयन किये जाने का निदेश दिया गया। इसके बारे लाभुक को बेहतर तरीके से अवगत कराने का निदेश दिया गया। पंचायती राज विभाग अंतर्गत सभी पंचायत सचिवालय में इंटरनेट, प्रज्ञा केंद्र की सुविधा मुहैया कराने का निदेश दिया गया। कल्याण विभाग अंतर्गत आवासीय विद्यालयो के जीर्णोद्वार का कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार समाज कल्याण विभाग को पूर्ण हो चुके आंगनबाड़ी केंद्रों का हैण्डओवर लिये जाने का निदेश दिया गया। कृषि विभाग को मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

# कांग्रेस पार्टी से गद्दारी करने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं को बाहर निकालें : नेसार अहमद

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा कांग्रेस संगठन में उपजा अंतःकलह अब पुतला दहन का रूप ले लिया है। शुक्रवार को ऐसा ही वाक्या देखने को मिला। दरअसल सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय राजेंद्र भवन में पहुचे और लोहरदगा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी में रहकर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ काम करने वाले नेताओं और कार्यकताओं को बाहर का रास्ता दिखाने की मांग करने लगे। पार्टी से गद्दारी करने वाले कांग्रेसी नेताओ व कार्यकर्ताओं का पुतला भी फूंका गया। पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी में रहकर बहुत सारे कांग्रेसी खुलेआम दूसरे पार्टी का काम किया है। चुनाव बीतने के बाद स्थानीय विधायक उसको अपने साथ अपने दौर में लेकर घूम रहे हैं। जिसके कारण कांग्रेस कार्यकर्ता काफी आक्रोशित है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को शक है कि कहीं ये विधायक के इशारे पर तो पार्टी विरोधी काम नहीं किया है। पार्टी फॉरम में उनको अपनी बात को रखना होगा। नेसार अहमद ने कहा कि पार्टी के प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष को इस बात का संज्ञान में लेकर यहां एक समीक्षा बैठक कराकर मामले को पट्टा क्षेप करे और दोषीवार एवं गद्दार कांग्रेसी को अविलंब पार्टी से निकाला जाए। क्योंकि 6 माह के बाद विधानसभा चुनाव होना है। ऐसे गद्दार कांग्रेसी को जिला के कार्यकर्ता बर्दाश्त नहीं करेंगे। पुतला दहन कार्यक्रम में मनोज सोन तिर्की, नंदकिशोर शुक्ला, सलीम बड़े, गुलाम जिलानी, फहद खान, मुजम्मिल अंसारी, राजू कुरैशी, प्रवेज सिद्दीकी यासीन अंसारी, प्रकाश उरांव ,मनोज भगत, लाल राजेंद्र सहदेव ,कमरू इस्लाम, मुनिफ असारी, संगीता उरांव सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।






# वर्तमान समय में पढ़ाई के साथ साथ खेल भी जरूरी : निशीथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** शनिवार को लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा लोहरदगा प्रीमियर लीग का आयोजन बलदेव साहू स्टेडियम में किया गया। लीग का तीसरा मैच लोहरदगा लायंस और हिंडालको वारियर्स बीच खेला गया। जिसका उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने किया। मौके पर खिलाड़ियों की हौंसला अफजाई करते हुए विधायक प्रतिनिधि ने कहा की वर्तमान युग में पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी आवश्यक है। खेल खेलने से स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मन का विकास होता है। युवा खेल में भी अपना बेहतर कैरियर बना सकते हैं। सभी युवा खिलाड़ियों को अपना एक आदर्श खिलाड़ी चुनकर उनके पदचिन्हों पर चल कर भी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। सभी खिलाड़ियों को अपने गुरु एवं सीनियर खिलाड़ियों का आदर करना चाहिए। आज हमारे राज्य में महेंद्र सिंह धोनी जैसे स्टार खिलाड़ी हुए जिन्होंने राज्य का नाम विश्व भर में रौशन किया। जिले में आशीष कुमार एक बेहतर खिलाड़ी के रूप में उभरे और रणजी क्रिकेट टीम में अपना स्थान बनाया। मैं सभी युवा खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। मौके पर आशीष कुमार, विशाल डुंगडुंग, प्रेम कुमार साहू, अमित कुमार आदि उपस्थित थे।







# बसिया थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** थाना परिसर बसिया में आगामी 17 जून को बकरीद त्योहार को लेकर शांति समिति की एक बैठक एसडीपीओ नाजिर अख्तर के अध्यक्षता में संपन्न किया गया। एसडीपीओ द्वारा सभी सदस्यों से बकरीद त्योहार को लेकर क्षेत्र के शांति व्यवस्था को लेकर लोगो से जानकारी प्राप्त करते हुए सुझाव मांगा गया। एसडीपीओ ने सभी लोगो से शांतिपूर्वक प्रेम भाव से बकरीद मनाने की अपील करते हुए कहा कि प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी नही करेगे। सोशल मीडिया में गैरकानूनी या भड़काऊ बातो को शेयर करने से बचना है। उन्होंने कहा कि शान्ति व्यवस्था भंग करने वालो पर पुलिस प्रशासन सख्ती से पेश आयेगी। अलीम खान एवं कलीम अंसारी द्वारा बसिया प्रखंड में बकरीद त्योहार बनाने को लेकर विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से सीओ नरेश कुमार मुंडा, थाना प्रभारी पुनीत मिंज, सुशील होता पप्पू, अलीम खान, कलीम अंसारी, अभय चौधरी, राजकुमार गुप्ता, मुन्तजिर खान, अफान खान समेत अनेक गण्यमान्य सदस्य उपस्थित थे।



# ग्रामीणों ने बेतला पार्क की घेराबंदी के खिलाफ रेंज कार्यालय का किया घेराव




आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** शनिवार को मूरू, कुचिला, उकामड़, केड़, गाड़ी के सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने संयुक्त ग्राम सभा के बैनर जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में बेतला रेंज कार्यलय का घेराव कर नेशनल पार्क के घेराबंदी को अविलंब बंद करने की मांग की। मौके पर कन्हाई सिंह ने कहा कि वन विभाग द्वारा नेशनल पार्क की घेराबंदी ग्राम सभा पर हमला है। वन विभाग गैर कानूनी कार्य कर रहा है। वन अधिकार कानून में यह स्पष्ट लिखा है कि ग्राम की वन भूमि एवम सामुदायिक वन संसाधन के अंतर्गत राष्ट्रीय उद्यान भी आते हैं। नेशनल पार्क की घेराबंदी कर ग्रामीणों को उनकी वन भूमि से बेदखल किया जा रहा है। कन्हाई सिंह ने कहा कि अगर एक सप्ताह में बेतला नेशनल पार्क की घेराबंदी बंद नहीं हुई तो रेंज कार्यालय को कर दिया जाएगा ठप्पः। मौके पर मुरू ग्राम प्रधान रामवृक्ष सिंह एवम गाड़ी ग्राम प्रधान मदेश्वरी सिंह ने कहा कि ग्राम गाड़ी, मुरू सहित अन्य गांव ने वन अधिकार कानून के तहत सामुदायिक वन पट्टा का दावा किया है। ऐसे में वन विभाग द्वारा ग्राम सभा की सहमति के बिना बेतला नेशनल पार्क कीघेराबंदी करना कानून का सरासर उल्लंघन है। मौके पर कुचिला मुखिया शत्रुघन सिंह, सुदामा राम एवम अन्य लोग उपस्थित थे।




## स्कॉर्पियो चोरी के मामले का खुलासा

# वैशाली से चार अपराधी गिरफ्तार

**अंतरराज्यीय चोर गिरोह का खुलासा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र में गिरिडीह रोड स्थित विधायक आवास के समीप से विगत 11 जून को स्कॉर्पियों चोरी मामले का उद्भेदन पुलिस के द्वारा कर लिया गया है। कोडरमा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने शनिवार को बताया कि चोरी गये स्कॉर्पियों की बरामदगी को लेकर कोडरमा एसड़ीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह का खुलासा किया है। एसपी ने बताया कि 11 जून को स्कॉर्पियो संख्या जेएच 12 एल 9248 की चोरी के बाद कोडरमा थाना में प्राथमिक की दर्ज किया गया था। इस मामले के उद्भेदन को लेकर एक छापेमारी दल का गठन किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी दल ने बिहार के वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र में छापेमारी कर चोरी की घटना को अंजाम देने में उपयोग किये गये स्विफ्ट कार के साथ चार अपराधियों को भी गिरफ्तार किया। एसपी श्री सिंह ने बताया कि चोर गिरोह के द्वारा स्विफ्ट कार से चोरी की घटना को अंजाम देने से पहले रेकी किया जाता था। इसके बाद मौका मिलने पर वाहन की चोरी कर इसे मुजफ्फरपुर के गैरेज में ले जाकर गाड़ी के पाट्‌र्स पुर्जा को अलग कर दूसरे वाहनों में लगा दिया जाता था। पुलिस की टीम ने छापेमारी के दौरान मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा में स्थित एक गैरेज से चोरी हुए स्कॉर्पियों के पाट्‌र्स को दूसरे स्कॉर्पियों संख्या बीआर 09 पीए 4405 में फिटिंग करते हुए गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में बिहार के वैशाली जिला के महुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी रमेश कुमार (उम्र 32 वर्ष, पिता स्वर्गीय पल्लू राय), ओमप्रकाश पासवान (उम्र 34 वर्ष, पिता राजेंद्र पासवान), अविनाश कुमार (उम्र 24 वर्ष, पिता हरि चंद्र राय) और विकास कुमार (उम्र 33 वर्ष, पिता राजेंद्र दास) शामिल हैं। पुलिस ने गैरेज से चोरी हुए स्कॉर्पियों के पाट्‌र्स और जीपीएस सिस्टम बरामद किया है। एसपी ने बताया कि पुलिस की छापेमारी से पहले गैरेज का मालिक फरार हो गया था, जिसकी गिरफ्तारी को लेकर उसकी तलाश कर रही है। एसपी ने बताया कि इस गिरोह के द्वारा पहले भी जिले में एक ट्रक और एक पिकअप वाहन के चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले के उद्भेदन में एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार, शशि भूषण कुमार समेत तकनीकी शाखा के कर्मियों की भूमिका रही।

# जयनगर में बालू लदे छह ट्रैक्टर जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड में प्रातः काल में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी जयनगर गौतम कुमार और थाना प्रभारी विकास कुमार पासवान सहित जयनगर पुलिस बल के साथ अवैध बालू खनन को लेकर छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के क्रम में सुबह जयनगर अंचल अंतर्गत ग्राम लतबेधवा हाई स्कूल के पास बालू खनिज लदे 3 ट्रैक्टर को आते देखा जबकि छापेमारी दल को देखकर वाहनों के चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गये। इसी क्रम में सुबह 8 बजे जयनगर अंतर्गत बराकर नदी ग्राम धरायडीह घाट पर भी छापेमारी की गयी जहां करीब 7-8 ट्रैक्टर बालू लोड करने के लिए लगे हुए थे, छापेमारी दल को देखते ही ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर भागने लगे जिस क्रम में तीन ट्रैक्टर को बालू घाट पर पकड़ा गया परंतु सभी ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहे। छापामारी के क्रम में कुल छह ट्रैक्टर पकड़े गये। सभी वाहनों को बिना चालान, कागजात के कारण पकड़ा गया है और नियमानुसार समुचित कार्रवाई के लिए अंचलाधिकारी जयनगर द्वारा जिला खनन पदाधिकारी कोडरमा को संसूचित किया गया है। अवैध बालू खनन को लेकर प्रशासन सख्त रुख अपना रहा है। ऐसे में निकट भविष्य में भी इस तरह के और भी छापामारी अभियान जारी रहेंगे।

# सिलवार कला क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट आज से



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सिलवार कला में छह दिवसीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट आज से शुरू होगा। टूर्नामेंट में अब तक 28 टीमों ने भाग लिया है, जबकि 32 टीमें भाग लेगी। टूर्नामेंट एंट्री फि 2100 रखा गया है। प्रथम पुरस्कार के रूप में विजेता टीम को 21 हजार और उपविजेता टीम को 11 हजार मिलेंगे। सभी टीम हजारीबाग जिले की हैं। उक्त जानकारी टूर्नामेंट के अध्यक्ष कमलेश रजक और समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने दी।

# जल्द कोयला खनन शुरू होने से भरेगा झारखंड का खजाना, राजस्व के साथ-साथ बढ़ेगा रोजगार

**जल्द कोयला खनन शुरू होने से भरेगा झारखंड का खजाना, राजस्व के साथ-साथ बढ़ेगा रोजगार**
**सिर्फ गोंदलपुरा खनन परियोजना से हर साल सरकार को मिलेगा ६०० करोड़ रुपए का राजस्व**
**बिजली संकट की समस्या से मिलेगी राहत, स्थानीय लोगों को मिलेंगे रोजगार के कई मौके**

**रांची।** झारखंड के पास इतना कोयला है कि यह राज्य उड़ीसा और छत्तीसगढ़ को कमाई में पीछे छोड़ सकता है, लेकिन यह तभी संभव है जब यहां कोयले का उत्पादन बढ़ाया जाए और आवंटित कोल ब्लॉकों में जल्द से जल्द खनन शुरू की जाए। देश के चार राज्यों में कोयला उत्पादन का आंकड़ा देखें तो 80 फीसदी कुल कोयला उत्पादन में से छत्तीसगढ़ की हिस्सेदारी करीब 22 प्रतिशत उड़ीसा की 21प्रतिशत मध्य प्रदेश की 18 प्रतिशत और झारखंड की लगभग 17 प्रतिशत फीसदी है। डीएमएफटी (डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड ट्रस्ट) की बात करें तो देश में जितने पैसे इस फंड के तहत विभिन्न राज्यों को मिले हैं, उसमें सर्वाधिक आमदनी वाले शीर्ष तीन राज्यों में से झारखंड भी शामिल है। कोकिंग कोल के उत्पादन में झारखंड शीर्ष पर है। हालांकि, ओवर ऑल कोयला उत्पादन में झारखंड चौथे स्थान पर है। छत्तीसगढ़ पहले, दूसरे स्थान पर उड़ीसा और तीसरे स्थान पर मध्यप्रदेश है।

**एक कोयला खान से पांच से 10 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार**

कोयला बहुत क्षेत्र हजारीबाग के बड़कागांव में आवंटित कोल ब्लॉकों में जल्द खनन शुरू होने से राज्य सरकार को राजस्व का अतिरिक्त लाभ होगा, जबकि यहां रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। खान विभाग के अधिकारियों के अनुसार, एक कोल ब्लॉक से औसतन पांच से दस हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का अवसर मिलता है, जिसमें आसपास खुलने वाली दुकानें, डंपर संचालक और अन्य व्यवसाय आदि शामिल हैं। बड़कागांव में एनटीपीसी, एनएमडीसी, अदाणी और जेसडब्ल्यू समेत अन्य निजी कंपनियों को भारत सरकार की ओर से कोयला मंत्रालय ने कोयला खान आवंटित किया है। यहां खनन शुरू होने से इलाके की तस्वीर बदलेगी और विकास के नए आयाम दिखेंगे। स्थानीय स्तर पर रोजगार के असीम मौके मिलेंगे और राज्य सरकार का भी राजस्व का बड़ा लाभ होगा। सिर्फ अदाणी इंटरप्राइजेज के गोंदलपुरा खनन परियोजना के शुरू होने से राज्य सरकार को करीब 600 करोड रुपये का राजस्व हर साल मिलेगा।इतनी बड़ी रकम का इस्तेमाल स्थानीय स्तर पर आधारभूत संरचना को विकसित करने, शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ-साथ बेहतर जीवन उपलब्ध कराने के लिए किया जा सकेगा। कोयला खनन शुरू होने से अवैध कोयले की तस्करी पर भी लगाम लगेगी। एक आंकड़े के मुताबिक, झारखंड से हर रोज करीब 530 ट्रक अवैध कोयला निकलता है। यह सारे कोयले की चोरी बंद पड़ी खदानों या उत्खनन की अधिकारिक रूप से बाट जोह रही खदानों से होती है, जिसमें फॉरेस्ट लैंड भी शामिल है। इस से सरकार को राजस्व की भारी होनी होतीहै।

**देश को बिजली उत्पादन के लिए बाहर से मंगवाना पड़ता है कोयला**

गर्मी के समय में झारखंड समेत देश भर में बिजली की खपत बढ़ी है। कोयला कंपनियों पर उत्पादन बढ़ाने का दबाव है।आंकड़ों के मुताबिक 2023-24 के लिए एक हजार मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य कोल इंडिया समेत अन्य कंपनियों ने रखा है। हालांकि, भारत सरकार को अभी भी सिर्फ बिजली की जरूरत पूरा करने के लिए 100 मिलियन टन के आस पास कोयला विदेशों से मंगवाना पड़ रहा है। झारखंड की बात करें तो यहां गर्मी आते ही पावर प्लांटों में कोयले की कमी हो जाती है, जिस कारण लोगों को बिजली की समस्या से परेशान होना पड़ता है। हजारीबाग में तो खास कर बिजली की समस्या विकराल रूप ले लेती है। ऐसे में जल्द खनन शुरू होने से बिजली की उपलब्धता बढ़ेगी और आम लोगों को काफी राहत मिल सकेगी।

# भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में भीषण गर्मी से जन-जीवन प्रभावित है। जिले में भीषण गर्मी और बिजली-पानी की किल्लत से जूझ रहे लोगों की समस्याओं को लेकर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने 20 जून को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती से शिक्षा, व्यवसाय और उद्योग प्रभावित है। लगातार बिजली कटौती से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई, व्यवसायिक प्रतिष्ठान और तिलैया शहर के होटल व्यवसाय पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। शालिनी गुप्ता ने कहा कि बिजली कार्यालय की उदासीनता और अमानवीय कार्यशैली के चलते हमें यह कदम उठाना पड़ रहा है। कोडरमा विद्युत कार्यालय द्वारा बिजली आपूर्ति के लिए अत्यधिक शुल्क वसूला जा रहा है और मीटर रीडिंग में तकनीकी दिक्कतें भी हैं। उन्होंने बताया कि लोगों को प्यास बुझाने के लिए तपती धूप में पेयजल हेतु लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है। उन्होंने इस संकट को त्रासदीपूर्ण और झकझोर देने वाला बताया। शालिनी गुप्ता ने प्रशासन से मानवीय और संवेदनशील होकर इन समस्याओं के निराकरण की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी कि समय पर समाधान नहीं होने की स्थिति में उग्र आंदोलन किया जायेगा। शालिनी गुप्ता ने कोडरमा नगर पंचायत के फुलवरिया, डुमरियाटॉड़ और अन्य ग्रामों में बिजली नहीं पहुंचने को क्षेत्र के लिए अभिशाप बताया और उपायुक्त से वार्ता कर जल्द ही इन गांवों में बिजली पहुंचाने का आश्वासन दिया। शालिनी गुप्ता ने कोडरमा के सभी नागरिकों से इसमें शामिल होने की अपील की है।

## गर्मी के कारण ट्रांसफार्मर में लगी आग



**कोडरमा।** बीती रात कोडरमा थाना अंतर्गत जलवाबाद चौक के पास एक ट्रांसफार्मर में गर्मी के मौसम को लेकर अचानक आग लग गयी। आग लगने से आसपास अफरातफरी मच गयी, जिसके बाद इसकी सूचना बिजली विभाग को दिया गया। फिर बिजली मिस्त्री ने आकर आग पर काबू पाया।









# दीवार तोड़ते हुए घर में घुसी तेज रफ्तार बोलेरो, पांच लोगों को कुचला, एक की मौत

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार में एक अनियंत्रित बोलेरो घर में घुस गयी। बोलेरो ने आंगन में सो रहे पांच लोगों को कुचल दिया। घटना में एक की मौत हो गयी है, वहीं चार लोगों को गंभीर स्थिति में स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें रिम्स रेफर किया गया। हादसा इतना भीषण था कि मिट्टी के घर की दीवार ढह गयी। घटना के बाद ग्रामीणों ने लातेहार नवरंग चौक को जाम कर दिया। वे लोग लगातार मुआवजे की मांग कर रहे हैं। मुखिया जुलेश्वर लोहरा ने बताया कि घर के सभी लोग आंगन में सो रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित वाहन ने कुचल दिया। हादसे में राजदेव लोहरा की मौत हो गयी, जबकि आरती कुमारी, शकुंती देवी समेत दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये।

CCL
सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)

**सूचना**

जन-साधारण को यह सूचित किया जाता है की आम्रपाली चन्द्रगुप्त क्षेत्र के अंतर्गत आम्रपाली परियोजना का कार्यालय एवं खदान परिसर एक प्रतिबंधित स्थान है। प्रतिबंधित स्थान में किसी भी तरह की अनावश्यक आवा-जाही गैर कानूनी है। खदान परिसर में अत्यधिक-भारी वाहनों का परिचालन होता है जिससे की कभी भी कोई भी घातक दुर्घटना हो सकती है। कोयला एक सरकारी संपत्ति है और इसका अवैध ऊठाव, संरक्षण एवं व्यापार करना कानूनन जुर्म है। सभी को यह सूचित किया जाता है कि परियोजना के कार्यालय में कोई काम रहे तो कार्य-अवधि में आए तथा कार्य समाप्ति के बाद परियोजना परिसर के बाहर चले जाये एवं यत्र-तत्र नहीं घूमें। कोयला चोरी रोकने का हर सार्थक प्रयास आम्रपाली प्रबंधन के द्वारा किया जा रहा है परंतु अवैध तरीके से खदान परिसर में घुसना एवं कोयला चोरी का प्रयास करने पर निकटम पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए उस व्यक्ति (पुरुष/महिला) को पुलिस के हवाले कर दिया जाएगा एवं इस अवैध कार्य के दरमायान अगर कोई दुर्घटना होती है तो आम्रपाली प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा।

# गांव-गांव तक पहुंच रही है सरकार की योजना : डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने पेशरार प्रखंड के सुदूरवर्ती गांवों का दौरा कर जनता की जनसमस्याओं को जान। विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के समक्ष ग्रामीणों के द्वारा जनसमस्याओं से अवगत कराया गया। मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा सरकार की योजना गांवझगांव तक पहुचाया जा रहा है। झारखंड सरकार अनेकों विकास का कार्य कर रही है । सबसे पहले हरा राशन कार्ड गरीबों के लिए सभी राशन कार्ड से वंचित को हरा राशन कार्ड से जोड़ा गया। हरा राशन कार्ड बनने से लोगो को स्वास्थ्य की सुविधा मिलेगी। राशन कार्ड के माध्यम से 10 रूपया में धोती, लूंगी, साड़ी का वितरण किया जा रहा है। पिला कार्ड के माध्यम से चीनी देने का भी काम किया जा रहा है। ये सभी कार्य मेरे विभाग और गठबंधन सरकार के द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिससे गरीब लोगो को लाभ दिया जा रहा है। पेयजल हेतु सभी पंचायत में 10-10 चापाकल का निर्माण किया जा रहा है। अबूवा आवास गरीबों को प्राथमिकता देते हुए दिया जा रहा है। आदिवासी बहुल क्षेत्रों में अखड़ा का निर्माण के साथ स्ट्रीट लाइट का भी निर्माण किया जा रहा है। कार्यक्रम में ग्रामीणों के द्वारा आवेदन के माध्यम से जो भी समस्या है आवेदन के माध्यम से रखा गया जिसके निदान के लिए माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा संबंधित विभागीय के पदाधिकारियों से बात कर त्वरित कार्रवाई करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार, 20 सूत्री अध्यक्ष रविंदर सिंह, सामूल अंसारी, विशाल डुंगडुंग, पंकज तिवारी समेत कई उपस्थित रहे।




# हुसैनाबाद प्रखंड के विद्यालयों में साइकिल का वितरण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के विभिन्न विद्यालय में साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सत्र 2023-24 के अनुसुचित जाति, पिछडी जाति व अल्पसंख्यक समुदाय के सभी छात्र छात्राओं के बीच करीब 200 साइकिल का वितरण किया गया। इस वितरण समारोह के मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम नरेश राम, विशिष्ट अतिथि पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान,अजाप्ता हुसैनाबाद के सचिव निर्मल कुमार, बीपीएम जयराम मेहता, बीआरसी कर्मी शानि कुमार, विनोद कुमार, हरि पासवान, उदेशवर राम आदि ने छात्र - छात्राओं को साइकिल की चाभी प्रदान किया। साइकिल वितरण समारोह मुख्य रूप से उतक्रमित मध्य विद्यालय एकडरी, मध्य विद्यालय देवरी खुर्द ,उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिवाबीघा व उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोनपुरवा के छात्रों के बीच किया गया। मौके पर बीइइओ राम नरेश राम ने कहा कि सरकारी योजना के तहत विद्यालय से दूर रहने वाले बच्चों को साइकिल दी जा रही है। इससे उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी।









# धनबाद मंडल की उच्च स्तरीय रेल अधिकारी कमेटी करेगी लातेहार घटना की जांच: डीआरएम

रवि कुमार गुप्ता

**बरवाडीह/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** धनबाद रेल मंडल बरकाकाना बरवाडीह रेल खंड के कुमांडीह रेलवे स्टेशन में शुक्रवार रात्रि रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैलने के उपरांत मची अफरा तफरी में तीन लोगो की जान चली गयी। जबकि एक बच्ची समेत पांच लोग घायल हो गये थे। उक्त रेल वीभत्स हादसा के बाद धनबाद रेल मंडल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा शनिवार को प्रातः 3 बजे कुमंडीह रेलवे स्टेंशन घटनास्थल पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल करते हुई बरवाडीह रेलवे स्टेशन पहुंचे।

धनबाद मंडल की अन्य अधिकारियों के साथ बरवाडीह पहुंचे डीआरएम श्री सिन्हा मामले में संबंधित अधिकारियों से आवश्यक पूछताछ किया। उन्होंने इस दौरान पीड़ित परिजन से भी मुलाकात किया। डीआरएम ने बरवाडीह में ट्रेन में आग लगने की फैली झूठी अफवाह से हुई हादसा की पूरी जानकारी दी। पत्रकारों से पूछे गए सवालों के जवाब में कहा की कुमांडीह रेलवे स्टेशन ट्रेन हादसा की धनवाद मंडल के तीन वरीय अधिकारी द्वारा उच्च स्तरीय कमेटी द्वारा जांच किया जायेगा। इस ट्रेन हादसा में पाए जाने वाले दोषियों को नहीं बक्शा जायेगा। सभी मृतक के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपया मुआवजा दिया जाएगा। जिसमें तत्काल पचास-पचास हजार रूपये मृतक की परिजनों को दे दिया गया है। जबकी बाकी राशि उनके खाता में भेज दी जायेगी।

उन्होंने कहा कि घटना में एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हुई है। जिसका रेल अधिकारियों की देखरेख में रांची में उचित इलाज किया जा रहा है। डीआरएम के साथ धनबाद मंडल के कई अधिकारी, वरीय स्पेशल प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, आरपीएफ इंस्पेक्टर समेत रेलवे के कई वरीय अधिकारी साथ थे।

**सभी शवो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखा गया :** ट्रेन हादसा के बाद मृत तीन लोगों का शव रात्रि में ही दुर्घटना वाली रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस से लाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक डॉ विवेक कुमार की देखरेख में रखा गया।



**12 घंटे बाद पहुंची संबंधित रेल पुलिस :** भयंकर ट्रेन हादसा के बाद संबंधित रेलवे क्षेत्र के राजकीय रेल पुलिस बरकाकाना के पुलिस अधिकारी शनिवार सुबह बीडीएम सवारी ट्रेन से बरवाडीह पहुंचे। बरकाकाना जीआरपी पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर शव का सीएचसी बरवाडीह में आवश्यक करवाई करते हुई। शनिवार 10 बजे के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेजा गया।

**ट्रेन हादसा में तीनों मृतको की हुई पहचानः** मंजू देवी, ग्राम - नासरीगंज, जिला-रोहतास, नन्दलाल शुक्ला, बैरिया, डालटनगंज, जबकि तीसरी शव की शनिवार की पहचान हुई जो विकास कुमार रजक, 30 वर्ष लगभग, पिता स्व. महेन्द्र बैठा, (काशीपुरकेतार) भवनाथपुर, गढ़वा जबकि घायलों में गंभीर रूप से घायल पीहू कुमारी, उम्र- 02 वर्ष, पिता सुशील कुमार, जिसकी रांची में इलाज हो रहा है। मानस कुमार ,पिता शंभू सिंह, कनक कुमार पिता जय प्रकाश समेत दो अन्य लोग शामिल हैं।


**मधु देवी ने कहा :** इस सम्बंध में मंजू देवी की छोटी गोतनी मधु देवी ने बताया कि हम सब पूरा परिवार गर्मी छुट्टी मनाने को लेकर जगन्नाथपुरी घुमने गए हुए थे और वहां से शुक्रवार को रांची स्टेंशन पहुंचे जिसके बाद रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस में सवार हुए सब लोग हंसते मुस्कुराते बात चीत करते आ रहे थे। इसी बीच किसी ने शोर मचाया की आग लग गयी है। भगदड़ मच गया। इसी भगदड़ की शिकार मेरी बड़ी दीदी हो गयी।

**पूर्व विधायक भी पहुँचे थे कुमांडीह :** घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण भी काफी आक्रोशित थे. घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे मनिका विधानसभा के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने भी घटना की जानकारी ली और रेल विभाग को घायलों को अविलंब समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया और धरना पर बैठ गए।

**चतरा के सांसद ने दुख किया व्यक्त :** कुमंडीह में हुए रेल हादसे में कई यात्रियों की मृत्यु हो जाना अत्यंत पीड़ादायक घटना है। भगवान से प्रार्थना है कि सभी दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान प्रदान करें और उनके शोक संतप्त स्वजनों को इस दुखद आघात को सहने की शक्ति दें।

## सभी कार्यकर्ता पार्टी के पावर हाउस हैं : नीरू शांति

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी जिला कार्यालय में आजसू जिला कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने की। बैठक में लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा की गई। वर्ष 2024 के अंत में होने वाली झारखण्ड विधानसभा चुनाव की तैयारी पर विशेष रूप से चर्चा की गई। मौके पर आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता पार्टी के पावर हाउस हैं। आप ही के बलबूते आजसू आने वाले विधानसभा में जीत कर विकास की रोशनी गांव- गांव और घर-घर पहुंचानें का काम करेगी। इसके लिए आप अभी से तैयारी प्रारंभ कर दें। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने संगठनात्मक बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए कहा कि हमारा संगठन चूल्हा से लेकर जिला तक कैसे मजबूत हो इसके लिए युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है और इसका सुखद परिणाम सामने आयेगा।




# जहरीली गैस से युवक की मौत


आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के कुरूमगढ़ रोड स्थित चांदसी दवाखाना के पास शनिवार की सुबह 8:00 बजे के करीब कुआं की सफाई करने कुआं में उतरा अशोक एक्का जहरीली गैस की चपेट में आ गया जिसे बचाने के लिए पड़ोसी भिसेंट टोप्पों का 40 वर्षीय पुत्र विनय टोप्पो कुआं में उतरा विनय ने अशोक को तो बचा लिया मगर वह खुद जहरीली गैस की चपेट में आकर कुआं में ही बेहोश हो गया। घटना की सूचना आग की तरह फैल गई देखते-देखते काफी संख्या में लोग कुएं के पास जमा हो गए। घटना की सूचना मिलने पर चैनपुर पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवान भी पहुंचे जिसके बाद पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवानों ने करीब 1 घंटा कड़ी मस्कत के बाद विनय को कुआं से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया जहां विनय की गंभीर हालत को देखते हुए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान विनय टोप्पो की मौत हो गई। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार की सुबह लगभग 8:00 बजे चांदसी दवाखाना के पास जमगाई गांव का एक युवक अशोक एक्का उर्फ गेडू कुआं की सफाई के लिए उतरा जहां जहरीली गैस की चपेट में आकर छटपटाने लगा जिसे बचाने के लिए विनय टोप्पो कुआं में उतरकर रस्सी के सहारे ग्रामीणों ने अशोक एक्का को सकुशल बाहर निकाल लिया। इस दौरान नीचे उतरा विनय जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गया जिसे बचाने एक अन्य युवक कुआं में उतरने लगा पर जहरीली गैस के कारण दम घुटने लगा जिससे वह युवक किसी प्रकार बाहर आ गया।

## चायवाले ने बचायी कई लोगों की जान

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बीती रात लातेहार के कुमुंडीह में भीषण रेल हादसा हुआ। तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। इस हादसे में एक चायवाला लोगों के लिए फरिश्ता बन कर सामने आया। चायवाले ने कई लोगों की जान बचायी है। बताया जा रहा है कि जिस जगह ट्रेन रुकी थी, उसके एक तरफ पहले से मालगाड़ी खड़ी थी, जबकि भगदड़ के बाद लोग दूसरी तरफ की पटरी पर चले गये। ट्रेन में चाय बेच रहा एक व्यक्ति भी यात्रियों के साथ ट्रेन से नीचे उतर गया। उसने मालगाड़ी को ट्रैक पर आते देखा, जिसके बाद उसने कई लोगों को ट्रैक से हटा कर बाहर निकाला। एक महिला रेल यात्री ने बताया कि चाय बेचनेवालों ने कई लोगों को ट्रैक से दूर खींच लिया। कई लोगों को ट्रैक पर जाने से भी रोका। एक और रेल यात्री ने बताया कि वह रांची से सासाराम जा रहे थे, चाय बेचने वाले ने बहादुरी दिखाते हुए लोगों को ट्रैक से खींच लिया। लोगों को डांटा भी। चाय बेचने वाला कौन है, इसकी जानकारी सामने नहीं आ सकी है। कुमंडीह रेल हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। मृतक के शव के पास चाय के कप के बंडल मिले हैं। बता दें कि यह रेल हादसा एक अफवाह के कारण हुआ है। दरअसल रांची से सासाराम जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस लातेहार के कुमंडीह स्टेशन पर बीच ट्रैक पर खड़ी थी। इसी बीच कुछ लोगों ने अफवाह फैला दी कि ट्रेन की बोगी में आग लग गयी है।






# जिला परिषद चेयरमैन ने सीएम से की मुलाकात


आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने शनिवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान समस्याओं और जनहित मुद्दो से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया की झारखंड पंचायती राज अधिनियम, 2001 के धारा 77 (ख) के अनुपालन में डीआरडीए में कार्यरत सभी कर्मी (झारखंड सरकार के स्थायी सरकारी कर्मचारी/पदाधिकारी को छोड़कर को जिला परिषद् में समायोजित करने हेतु डीआरडीए का जिला परिषद् में विलय प्रक्रिया का निर्धारण किया जाना था। जिसके बाद जिला ग्रामीण विकास अभिकरण पूर्ण रूप से जिला परिषद के अंतरित हो जायेंगे। मगर अब तक डीआरडीए को जिला परिषद में विघटित नहीं किया गया है और डीआरडीए प्रशासन के सभी कर्मी अस्तियां और निधिं जिला परिषद में समाहित हो जाती। डीआरडीए के जिला परिषद में समाहित नहीं होने के कारण जनकल्याणकारी और महत्वाकांक्षी योजनाओं के संचालन में कठिनाई हो रही। अन्य राज्यों यथा राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, असम और उड़ीसा में डीआरडीए की जिला परिषद् में विलय की प्रक्रिया पूर्ण किया गया है। इसके अलावा जमीन खरीद बिक्री के लिए एलपिसी को अधिकतम 15 दिनो में निर्गत करवाने का आदेश पारित करने का आग्रह किया है।













# रजरप्पा क्षेत्र के घरों में चोरी करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**चितरपुर में जल मीनार से चोरी हुए सोलर प्लेट भी हुए बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले के चितरपुर प्रखंड क्षेत्र में चोरी की वारदातों पर अंजाम देने वाले एक गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस गिरोह में एक नाबालिक युवक के साथ तो शातिर चोर भी शामिल थे। इस मामले की जानकारी शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि रजरप्पा थाना क्षेत्र में चार घरों और स्कूल के जल मीनार से सोलर प्लेट करने वाले चोर गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। इस मामले में चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें खुर्शीद आलम उर्फ बाबू, पवन कुमार और एक अन्य नाबालिक युवक शामिल है। एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि चितरपुर



प्रखंड के चार घरों में वेंटीलेटर के सहारे घर में घुसकर चोरों के द्वारा पीतल के बर्तन पूजा के बर्तन और मोबाइल की चोरी की गयी थी। इसके अलावा चितरपुर में राजकीय बुनियादी विद्यालय के जलमिनर में लगे सोलर प्लेट की चोरी भी हुई थी। गिरफ्तार चोरों में रजरप्पा थाना क्षेत्र के मायल गांव निवासी खुर्शीद आलम उर्फ बाबू, पिता शहजाद आलम और सोनार मोहल्ला निवासी पवन कुमार पिता धनेश्वर प्रसाद के अलावा एक नाबालिक युवक शामिल है।

**सीसीटीवी फुटेज से हुई चोरों की पहचान :** इन दोनों मामलों में थाने में प्राथमिक की दर्ज हुई थी। जांच के दौरान गठित की गयी एसआइटी के द्वारा जब छापेमारी की गयी तो कई लोगों की तस्वीरें सामने आयी। जब सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखा गया तो कई संदिग्ध चोरों की पहचान हुई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो संदिग्धों को पकड़ा गया। जब उनसे पूछताछ की गयी तो उन्होंने चोरी की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उन चोरों की निशानदेही पर चोरी किये गये सामानों को बरामद किया गया। साथ ही चोरी किये गये सामानों के खरीदार पवन कुमार को भी गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार चोरों के पास से मिला यह सामान :** रामगढ़ एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार चोरों की निशानदेही पर 5 केवीए के सोलर प्लेट का तीन पीस, जिसका बाजार मूल्य लगभग 75000 है, बरामद किया गया है। इसके अलावा वीवो कंपनी का एक मोबाइल, लेनेवो कंपनी का एक मोबाइल, ओप्पो कंपनी का एक मोबाइल, एक टुल्लू पंप और चोरी हुए पीतल के बर्तन भी बरामद हुए हैं।

छापामारी टीम में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे, सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार, रंजीत कुमार महतो, निरंजन कुमार सिंह, श्याम सुंदर कुजूर, फूलचंद महतो, प्रेमचंद यादव, भानु प्रताप रजक आदि शामिल थे।




## निष्ठा संस्था ने प्लेसमेंट ड्राइव का किया आयोजन




**कुजू (आजाद सिपाही)।** निष्ठा संस्था ने शनिवार को प्रशिक्षण केंद्र, डटमामोड़ कुजू में मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत एकदिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव सह स्टार एल्यूमिन मीट का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला नियोजनालय सह कौशल विकास विभाग रामगढ़ के उच्च वरीय लिपिक विनोद कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोजेक्ट मैनेजर मनीष कुमार सिंह, निष्ठा के प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर दीपशिखा, चेन्नई के इन्फोटेक लिमिटेड के प्लेसमेंट मैनेजर बालकृष्ण, सहाना क्लॉथिंग प्रा लि के प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर प्रकाश साहू मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा प्रशिक्षित किये गये लोगों को ऑफर लेटर दिया गया। साथ ही, चेन्नई से आए कंपनियों के द्वारा 40 प्रशिक्षनार्थियों को चयनित किया गया। जिसमें आगामी 17 जून को 20 प्रशिक्षण प्राप्त छात्राए चेन्नई के लिए रवाना होंगे। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। ऐसे में सरकार द्वारा स्किल अभियान के तहत युवाओं को रोजगार रूपी प्लेटफॉर्म मिला है, जिससे सभी आर्थिक मजबूती प्रदान कर रहे हैं। वही, युवाओं का सपना मुख्यमंत्री सारथी योजना से साकार हो रहा है। इस अवसर पर प्रियांशु गुप्ता, नीतीश कुमार, मानकों सोरेन, चांदो, चंद्रजित, सुमन, रीता, निशु, रानी, राखी, प्रिंस, सोनू, लक्ष्मी, अरुण करमाली, बबलू, कमल, सुनील, सुनीता, आरती, शैलेंद्र शामिल रहे।

## हजारीबाग के आइसेक्ट विवि में म्यूजिक और डांस की कक्षाएं 21 जून से शुरू



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** आइसेक्ट विश्वविद्यालय म्युजिक और डांस में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए सुनहरा मौका लेकर आया है। दरअसल संध्याकालीन म्यूजिक और डांस की कक्षाएं शुरू की जा रही है, जिसकी शुरुआत आगामी 21 जून से होगी। उक्त जानकारी आइसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने दी और बताया कि सप्ताह में शनिवार और रविवार दो दिन शाम 3 बजे से 6 बजे तक कक्षाएं संचालित होगी, जिसमें नि: शुल्क रजिस्ट्रेशन कराकर विद्यार्थी कक्षाओं में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि म्युजिक और डांस में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए यह सुनहरा मौका होगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल क्लासिकल म्यूजिक, लाइट म्यूजिक, बॉलीवुड सॉन्ग, क्लासिकल डांस, सेमी क्लासिकल डांस और बॉलीवुड डांस का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की प्राध्यापिका कुमारी सीमा के माध्यम से दिया जायेगा। वहीं प्राध्यापिका कुमारी सीमा ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थीयों को डांस और म्यूजिक की बारीकियों से अवगत तो कराया जायेगा ही, साथ ही उचित प्लेटफार्म प्रदान कर इनके प्रतिभा को निखारने की भी पूरी कोशिश होगी। इच्छुक विद्यार्थी 9122987759 पर संपर्क कर या मटवारी, गांधी मैदान स्थित आइसेक्ट विश्वविद्यालय के सिटी कार्यालय में आकर इस बाबत विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।




**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।**

**शुद्धि पत्र**

निविदा सूचना सं० – **RDD/SD/Koderma/01/2024-25** आमंत्रित किया गया था। जिसका पी० आर० सं० – 325508 है। जिसमें निम्न संशोधन किया जाता है।

1. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29.06.2024 अपराह्न 03:30 बजे के स्थान 01.07.2024 अपराह्न 03:30 बजे पढ़ा जाए।

शेष नियम–शर्तें यथावत् रहेगा।

ह० / –
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
कोडरमा।

PR 326588 (Rural Work Department) 24-25 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।**

**शुद्धि पत्र**

निविदा सूचना सं० – **RDD/KODERMA/12/EE/2023-24(3rd Call)** आमंत्रित किया गया था। जिसका पी० आर० सं० –326242 है। जिसमें निम्न संशोधन किया जाता है।

1. उक्त निविदा Online Mode के स्थान पर Offline Mode में आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :– | दिनांक– 21.06.2024 से दिनांक–22.06.2024 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावाधि तक) |
| 3. | निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक–24.06.2024 (अपराह्न 3.00 बजे तक) |
| 4. | निविदा खुलने की तिथि | :– | दिनांक–24.06.2024 (अपराह्न 3.30 बजे) |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,कोडरमा। (समाहरणालय परिसर) |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर) |

शेष नियम–शर्तें यथावत् रहेगा।

ह० / –
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
कोडरमा।

PR 326604 Rural Work Department(24-25)D






आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**